माघ कृष्ण पक्ष-4, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 283 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
29 मार्च 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

# डॉन मुख्तार की मौत, सियासी सरगर्मी के बीच यूपी में अलर्ट

**बांदा, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के माफिया डॉन रहे मुख्तार अंसारी की देर रात कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। जेल में अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मुख्तार की मौत के बाद भाजपा के दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी और बेटे ने काशी विश्वनाथ मंदिर के आज दर्शन किए और कहा कि हम बहुत खुश हैं। बाबा की कृपा है, महाराज योगी का आशीर्वाद मिला है ये भगवान का न्याय है विपक्ष कुछ भी कह सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं अखिलेश यादव व मायावती ने इस मामले में यूपी सरकार को घेरा है। इधर उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। फिरोजाबाद में भी सुरक्षा कड़ी की गई है। मुख्तार अंसारी की कार्डियक अरेस्ट से मौत के बाद पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया। इस बीच बांदा जिले में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। डीएम, एसपी समेत फोर्स को मेडिकल कॉलेज बुलाया गया है।




मुख्तार अंसारी का दूसरा बेटा उमर अंसारी रात 2 बजे के करीब बांदा पहुंच गया। मुख्तार का पोस्टमार्टम कराया गया है। अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने कहा कि पिता को आज ही सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। काली बाग कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही है। बडे भाई बकतुल्लाह अंसारी ने कहा कि मीडिया के माध्यम से ही निधन की सूचना मिली। प्रशासन ने तो कोई सूचना नहीं दी। 18 मार्च से ही मुख्तार अंसारी तबीयत खराब थी। बार-बार कहने के बावजूद कोई इलाज नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने स्लो पाइजन देने का भी आरोप लगाया।

## शारजाह-दुबई उड़ानों का इंदौर से बदला समय

**इंदौर।** शरजाह और दुबई जाने वाले हवाई उडानों का समय बदल रहा है। इंदौर से संचालित होने वाली दोनों उड़ानें अप्रैल से बदले समय पर संचालित होंगी। माना जा रहा है कि इससे रात में उड़ानें शारजाह और दुबई पहुंचने से पर्यटकों को परेशानी उठानी पड़ेगी। यहां अमूमन दोपहर 2 बजे चेक-इन मिलती है। खबरों के मुताबिक रात में पहुंचने वाले पर्यटकों को अर्ली चेक-इन के लिए अतिरिक्त दाम चुकाने होंगे। दाम नहीं चुकाने वालों को एयरपोर्ट की लाबी में रात गुजारनी पड़ेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित शारजाह उड़ान का समय 1 अप्रैल से बदलेगा। हर सोमवार शारजाह उड़ान रात 10.35 बजे इंदौर पहुंचेगी।



## यूएन बोला-उम्मीद है हर किसी के अधिकार की रक्षा होगी

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में इस साल चुनाव के दौर में युक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि वैश्विक निकाय उम्मीद करता है कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सके। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता महासचिव स्टेफन दुजारिक ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज करने के मद्देनजर आगामी आम चुनावों से पहले भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल किया गया था।



### सभी पूर्व और वर्तमान भाजपा विधायकों से चुनावी संवाद...

# भाजपा की चौतरफा तैयारी, CM हाउस में जुटे विधायक, कांग्रेस को एतराज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सत्तारूढ भाजपा ने मप्र में अपनी चौरतरफा चुनाव तैयारियों को सिरे चढाना शुरू कर दिया है। पहले चरण के सभी छह क्षेत्रों में नामांकन व रोड शो के बाद आज सीएम मोहन यादव ने अपने निवास पर भाजपा के सभी पूर्व व वर्तमान विधायकों से संवाद शुरू किया है। उनके साथ चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, महामंत्री हितानंद व वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। हालांकि कांग्रेस ने इस बैठक को लेकर एतराज जताया है। कांग्रेस मीडिया प्रमुख केके मिश्रा ने कहा है कि सरकारी मुख्यमंत्री निवास में इस तरह की बैठक आपत्तिजनक है और इस वक्त सबसे बड़ा सवाल यह है कि चुनाव आयोग क्यों आंखे बंद किये हुए है।

उधर सूत्र बताते हैं कि भाजपा की इस बैठक में विधायकों से उनके क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी की स्थिति, असरदार मुद्दे और बूथ स्तर तक तैयारियों की जानकारी ली जा रही है और कुछ नयी जिम्मेदारी दी जा रही है। सूत्रों की मानें तो यह बैठक चुनाव प्रचार की सघन शुरूआत से पहले जरूरी तैयारियों के लिये बुलाई गई है लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन के आधार पर भाजपा लोकसभा चुनाव में नये तेवरों के साथ उतरना चाहती है। इनमें छिंदवााडा समेत विंध्य की सीटें ऐसी ही हैं। इसके अलावा इन क्षेत्रों में कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं के साथ समन्वय स्थापित करने को लेकर भी भाजपा फिक्रमंद है। कुछ स्थानों पर कांग्रेस नेताओं का भाजपा के ही अंदरखाने विरोध हो रहा है। जबलपुर में तो भाजपा विधायक अजय विश्नोई ने अपनी नाखुशी जाहिर कर दी है। इसे लेकर भाजपा नेतृत्व भी परेशान हैं। एक नेता का कहना है कि भाजपा का मुख्य जोर पार्टी के भीतर सभी नये पुराने नेताओं के बीच समन्वय स्थापित करने पर है।



## कांग्रेस उम्मीदवारों से वीसी

**उधर कांग्रेस के उम्मीदवारों से कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वीडियो कांफ्रेस पर बात करने के बाद अब चुनाव क्षेत्रों में चुनावी रणनीति व समन्वय के पहलुओं पर नये सिरे से कुछ बदलाव कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस उम्मीदवारों से चर्चा में कुछ ऐसे विषय सामने आये हैं जिस पर काम किया जा रहा है। कांग्रेस उम्मीदवारों से भी यह भी कहा गया है कि भाजपा यदि चुनाव में आचार संहिता का उल्लंघन करती है या प्रशासनिक मशीनरी का उपयोग करती है तो इसकी शिकायत तत्काल पार्टी मुख्यालय, वार रूम तक पहुंचायें।**



## कांग्रेस का सीट मंथन अटका

कांग्रेस का मप्र की तीन सीटों पर उम्मीदवार तय करने की तमाम कोशिशें हर दिन किसी नये समीकरण के बनने बिगडने से नाकाम हो रही हैं। ग्वालियर मुरैना ऐसी सीटें हैं जहां से कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में उम्मीद दिखी है। ग्वालियर सीट पर बीते चार बार से कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना प? रहा है। इसके बावजूद ग्वालियर सीट प्रदेश की उन चुनिंदा सीट में से एक है, जिस पर कांग्रेस लगातार मजबूत चुनौती दे रही है। यहां से पूर्व सांसद रामसेवक सिंह बाबूजी और पूर्व विधायक प्रवीण पाठक के अलावा पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, युवा कांग्रेस नेता मितेन्द्र सिंह, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नाम हैं। तो मुरैना से सत्यपाल सिकरवार, पंकज शर्मा व रमेश गर्ग के नाम हैं। खंडवा में अरूण यादव के अनमनेपन से पार्टी दूसरा विकल्प तलाश रही है।



## जम्मू-श्रीनगर एनएच पर खाई में गिरी कार, 10 मौत

**जम्मू, एजेंसी।**

रामबन जिले में शुक्रवार को एक एसयूवी फिसलकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन श्रीनगर से जम्मू जा रहा था। देर रात करीब सवा एक बजे जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एसयूवी 300 फुट गहरी खाई में गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि दस लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान मौके पर हैं। भारी बारिश के बीच 10 यात्रियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कार चालक जम्मू के अंब घ्रोथा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपीन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान जारी है।



# भारतीय अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में, भाजपा के डॉक्टर्स को परवाह नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अर्थव्यवस्था को लेकर फिर भाजपा पर निशाना साधा गया है। इस बार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है।मगर भाजपा के तथाकथित डॉक्टरों को इसकी परवाह नहीं है। एक्स हेंडल पर एक पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का दावा है कि 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में होगी, लेकिन इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं है कि शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) प्रवाह में 31 प्रतिशत की गिरावट क्यों आई है। एफडीआई किसी देश, सरकार और उसकी नीतियों में विदेशी निवेशकों के भरोसे का पैमाना है।

पैसा बाहर ले जा रहे- चिदंबरम ने कहा कि भाजपा खुद को प्रमाणपत्र देती है। लेकिन अच्छा प्रमाणपत्र विदेशी और भारतीय निवेशकों से आना चाहिए। भारतीय निवेशकों ने पिछले तीन वर्षों के दौरान भाजपा सरकार की नीतियों पर कोई भरोसा नहीं जताया है। विदेशी निवेशकों को बीजेपी की गलत नीतियों और भारतीय अर्थव्यवस्था के अक्षम प्रबंधन का एहसास हो गया है। इसीलिए वे भारत से पैसा बाहर ले जा रहे हैं। पूर्व वित्तमंत्री ने कि ब्याज दरें ऊंची हैं, वास्तविक मजदूरी स्थिर है, बेरोजगारी बढ़ रही है और घरेलू खपत गिर रही है। ये गंभीर संकट में फंसी अर्थव्यवस्था के संकेत हैं।



**निवेशकों को सरकारी नीतियों पर भरोसा नहीं**

# गेट्स ने की 'डिजिटल सरकार' की तारीफ, मोदी बोले अर्थव्यवस्था बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स से अपने आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच इस बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर डिजिटल पेमेंट्स तक के मुद्दे पर बात की। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की लखपति दीदी योजना से लेकर स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र तक में बदलाव से बिल गेट्स को अवगत कराया। इस दौरान गेट्स ने भारत की डिजिटल सरकार की तारीफ भी की और पीएम मोदी को इस क्रांति के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने इस बैठक के दौरान कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है पूरा देश डिजिटल क्रांति को अपना चुका है।

**बच्चा आई -एआई दोनों बोल रहा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि ढ्ढ का महत्व बहुत है और मैं तो कभी-कभी मजाक में कहता हूं कि भारत के बहुत से राज्यों में 'माँ' को आई कहा जाता है, अब मैं कहता हूं कि जब भारत में बच्चा पैदा होता है तो आई भी बोलता है और AI भी बोलता है।

## पाक शर्मिंदा, राष्ट्रीय दिवस समारोह में नहीं पहुंचे भारतीय अधिकारी



**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच बिगड़े रिश्ते किसी से छिपे हुए नहीं हैं। पुलवामा हमले के बाद से यह रिश्ते और बदत्तर हो गए हैं। अब एक बार फिर पड़ोसी मुल्क को शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है। दरअसल, पाकिस्तान ने इस साल अपना 'राष्ट्रीय दिवस' भारत में मनाने का फैसला लिया। इसी को लेकर कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि नई दिल्ली में पाकिस्तान का राष्ट्रीय दिवस समारोह मनाया गया, लेकिन यहां शामिल होने के लिए भारत सरकार ने अपना कोई आधिकारिक प्रतिनिधि नहीं भेजा। कार्यक्रम के दौरान जब दोनों देशों के राष्ट्रगान बजाए गए तो पाकिस्तान के प्रभारी साद अहमद वाराइच अकेले खड़े थे।

### अवकाश सूचना

***रंगपंचमी के अवसर पर 30 मार्च को दोपहर मेट्रो कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 31 मार्च को प्रकाशित होगा।***

**मेट्रो एंकर**

### 9 दिन का छुट्टी बोनांजा, छुट्टी के महीने अप्रैल पर आचार संहिता का साया

# कलेक्टर मेहरबान हुए तो कर्मचारी पहलवान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हर साल की ही तरह इस बार भी अप्रैल में जमकर सरकारी अवकाश हैं। मगर देशभर में लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार संहिता लगी हुई है इसलिये कर्मचारियों को घोषित छुट्टियों में बीच के एकाध कामकाजी दिन की 'मैंचिंग' मिलाकर लंबे अवकाश का लुत्फ लेने में तकनीकी बाधा आ सकती है। इसके लिये हर सूबे में कलेक्टर ही कर्मचारियों के 'छुट्टी प्रदाता' बना गये हैं।

दरअसल इस बार 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक मात्र दो दिन ही सरकारी दफ्तर लगने हैं। मसलन मप्र में 8 अप्रैल सोमवार एवं 12 अप्रैल शुक्रवार को कार्यालय खुलेंगे, यदि किसी भी शासकीय कर्मचारी द्वारा 2 दिन का आकस्मिक अवकाश ले लिया जाए तो पूरे 9 दिन कर्मचारी छुट्टी पर रह सकते हैं, तफरीह कर सकते हैं। छह अप्रैल को शनिवार एवं 7 अप्रैल रविवार को छुट्टी है। 9 अप्रैल को गुड़ी पड़वा 10 अप्रैल को चैती चांद, 11 अप्रैल को ईद उल फितर का अवकाश घोषित है। 12 अप्रैल को कार्यालय लगेंगे लेकिन फिर 13 व 14 अप्रैल को शनिवार रविवार की छुट्टी हाजिर रहेगी। इन दिनों में केवल दो दिन का अवकाश लेने पर 9 दिन का मिलेगा। चूंकि चुनाव की शुरुआत आचार संहिता चल रही है इसलिये कर्मचारियों के अवकाश आवेदन अब उनके कार्यालय प्रमुख स्वीकृत नहीं कर सकेंगे। बल्कि कर्मचारी को अवकाश के लिए संबंधित जिला कलेक्टर से अवकाश स्वीकृत कराना होगा।




## अजब आवेदनों की बाढ़

**उल्लेखनीय है कि चुनाव ड्यूटी के दौरान छुट्टी हासिल करना कर्मचारियों के लिये बेहद कठिन होता है। ऐसे समय में कई बार मजेदार आवेदन भी आते रहे हैं। कर्मचारी तबीयत या अन्य अजब कार्य का हवाले देते हुए छुट्टी की मांग करते हैं। कोई अपने रिश्तेदारों की शादी में जाने के लिये परेशान होता है तो कोई अन्य पारिवारिक कारण बताता है। हालांकि कई बार आवेदन जायज भी होते हैं। स्वास्थ्य आधार पर छुट्टी के लिये कई बार मेडिकल बोर्ड से भी अप्रूवल लेना पड़ता है।**

## गुड फ्राइडे पर यीशु को किया याद ....



राजधानी में आज ईसाई समाज गुड फ्राइडे मना रहा है। भोपाल के अरेरा हिल्स सेंट थॉमस चर्च में प्रार्थना करते लोग।

## रजिस्ट्री की आपाधापी ...



इस वित्तीय वर्ष के आखिरी दो दिन में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड बढ रही है। आज छुट्टी के दिन भी रजिस्ट्रार के दफ्तर खुले हुए हैं और लोग अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री की आपाधापी में हैं। वहीं नगर निगम कार्यालय भी आज काम कर रहे हैं और लोग अपना बकाया टैक्स जमा करने पहुंच रहे हैं।

### दो आदेश के बीच बुरी तरह उलझे शिक्षक

# सीएस ने चुनाव ड्यूटी से किया मुक्त, कलेक्टर थमा रहे नोटिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल सहित प्रदेशभर में फिलहाल माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं का मूल्यांकन कार्य जारी है। बड़ी संख्या में शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए तैनात किया गया है। प्रदेश की चीफ सेक्रेटरी व माशिमं अध्यक्ष बीरा राणा ने मूल्यांकन में लगे मूल्यांकनकर्ताओं की ड्यूटी चुनाव कार्य नहीं लगाने के आदेश निकाले है, लेकिन इसके बाद भी कई जिलों में जिला स्तर पर कलेक्टर द्वारा मूल्यांकन में लगे शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। चुनाव ड्यूटी में नहीं पहुंचने पर शिक्षकों को नोटिस थमाए जा रहे हैं। ऐसे में शिक्षक दो आदेशों के बीच उलझ कर रह गए हैं और परेशान हैं।

### अंतिम चरण में मूल्यांकन

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। मूल्यांकन कार्य लगभग अंतिम चरण में है। बताया जा रहा है कि 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है, लेकिन मूल्यांकन के आखिरी समय में शिक्षक बड़े ही परेशान हैं। बता दें कि गत वर्ष के मुकाबले इस बार अप्रैल में संभावित लोकसभा चुनाव के चलते बोर्ड परीक्षाएं एक माह पहले शुरू की गई थी, ताकि अप्रैल में परिणाम जारी हो किए जा सकें। मंडल 22 फरवरी से मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया है। इस बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में प्रदेशभर से करीब 16.80 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। जिनकी 1 करोड़ 25 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जिला स्तर पर मूल्यांकन केंद्रों पर 22 फरवरी से शुरू हो चुका है।




### यह है पूरा मामला

**दरअसल, माशिमं सचिव केडी त्रिपाठी ने बीती 11 मार्च को सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा कि परीक्षा व मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाए, ताकि समय पर मूल्यांकन कार्य पूरा हो सके और समय पर परीक्षा का रिजल्ट जारी हो। इस पत्र के बाद भी परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों का चुनाव ड्यूटी में लगाना जारी रहा। इसे देखते हुए 18 मार्च को मप्र की चीफ सेक्रेटरी व माशिमं अध्यक्ष वीरा राणा ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा कि परीक्षा व मूल्यांकन में लगे शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। इतना ही नहीं इसके पूर्व 25 जनवरी को जारी गजट नोटिफिकेशन में दसवीं-बारहवीं परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों को एक फरवरी से 30 अप्रैल तक अत्यावश्यक सेवा घोषित किया गया। इसके बाद भी इसका पालन नहीं किया जा रहा है।**

### डीएलएड के आवेदन 30 मार्च अंतिम तिथि

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सत्र 2023-24 की डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। मंडल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, इस परीक्षा के लिए 30 मार्च तक 1500 रूपए विलम्ब शुल्क के साथ भी आवेदन फार्म भरे जा सकेंगे। इसके पहले आवेदकों को 15 मार्च तक सामान्य शुल्क के साथ यह आवेदन भरे जाने का समय दिया गया था। 16 मार्च से 20 मार्च तक 500 रूपए विलंब शुल्क के साथ विद्यार्थी आवेदन किए गए। वहीं अब 21 से 25 मार्च तक एक हजार रुपए के साथ आवेदन भरे गए हैं।



# गर्डर लॉचिंग के चलते हबीबगंज नाका पर 28 अप्रैल तक परिवर्तित रहेगा यातायात



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेल परियोजना के तहत हबीबगंज नाका पर गर्डर लॉचिंग का कार्य किया जाना है। आम जन की सुरक्षा को देखते हुए उक्त कार्य के दौरान हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहा तक रोड बंद कर यातायात का डायवर्सन किया जाना आवश्यक है। इसकी सूचना निर्माण कम्पनी द्वारा यातायात पुलिस को दी गई है। ट्रैफिक पुलिस ने उक्त निर्माण कार्य के दौरान दिनांक 29 मार्च से 28 अप्रैल 2024 तक यातायात डायवर्सन प्लान तैयार किया गया है।

डायवर्सन के तहत हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहा तक मार्ग पूर्णतः बंद रहेगा। आईएसबीटी से होशंगाबाद रोड की ओर जाने वाले वाहन सांची बूथ केन्द्र, कस्तुरबा हॉस्पिटल, डीआरएम ऑफिस, शक्ति नगर चौराहा, बीएसएनएल तिराहा, आरआरएल तिराहा से होकर होशंगाबाद रोड की तरफ जाएंगे। इसी प्रकार होशंगाबाद रोड से आईएसबीटी की ओर जाने वाले वाहन आरआरएल तिराहा, बीएसएनएल तिराहा, शक्ति नगर चौराहा, डीआरएम ऑफिस, कस्तुरबा हॉस्पिटल, सांची बूथ केन्द्र होकर आईएसबीटी की ओर जा सकेंगे। यातायात पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाईन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में शोध पत्रिका का प्रकाशन



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज भोपाल की शोध समिति द्वारा शैक्षणिक एवं नवाचार पर प्रकाशित द्विभाषीय शोध पत्रिका का विमोचन किया गया।शोध पत्रिका के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य विद्वानोंए शोधकर्ताओंए और छात्रों को उनके शोध कार्य को प्रस्तुत करनेए शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में ज्ञान अर्जन करने के लिए सशक्त मंच प्रदान करना था जिससे कि वह शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ अनुसंधान के क्षेत्र में भी अपना अनुकरणीय योगदान प्रदान कर सके।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ डालिमा पारवानी ने इस शोध पत्रिका को सफलतापूर्वक प्रकाशित करने के लिए शोध समिति को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच मूल्यवान अंशों को प्रसारित करने में शोध पत्रिका के शैक्षणिक महत्व को बताया और छात्रों और संकाय के बीच बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने में शोध की आवश्यकता को बताया। डॉ माधवी गौर,शोध समिति की संयोजक ने पत्रिका के सफल प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त किया।

# घर-घर दीप जलाकर, दीपावली की तरह मनेगा चैतीचांद

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस चैतीचांद को घर-घर दीप जलाएं - दीवाली की तरह पर्व को मनाएं। यह अपील सिंधी समाज से की गई है। शोभा यात्रा संयोजक कन्हैयालाल इसरानी और वेदांत संत लालसाई ने शोभा यात्रा भव्य और एतिहासिक होगी। इसरानी ने बताया कि इस बार भी भव्य शोभा यात्रा 10 अप्रैल को निकलेगी। वेदांत संत लाल साईं जी के साथ संत नगर के तमाम साधू-संत, धार्मिक गुरु के सानिध्य में, श्रद्धालु विभिन्न आकर्षक धार्मिक झाकियां पूर्ण सजावट के साथ सपरिवार उल्लास व उत्साह के साथ नाचते गाते, खुशियां मनाते भगवान झूलेलाल की जय-जयकार लगाते हुए शोभा यात्रा में शामिल होंगे। चैतीचांद पर 11 अप्रैल को सायं 7 बजे साधु वासवानी स्कूल ग्राउंट पर मुम्बई के महान अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार, रॉक स्टार नील तलरेजा एवं पार्टी का सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम संयोजक कन्हैयालाल इसरानी, उपसंयोजक दिनेश वाधवानी, नरेन्द्र लालवानी, सुरेश अजवानी, मुख्य सलाहाकार साबू रीझवानी, संरक्षक नरेश तोलानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, दिलीप मंगतानी, राजा दादलानी, नारायणदास तोलानी, सलाहकार लोकूमल आसवानी, मनोहरलाल वीधानी, नरेश पारदासानी, राजेश बेलानी, मोहनलाल हरचंदानी, नरेश गिदवानी, सिंधू समाज के अध्यक्ष मोहनलाल चंदनानी, उपाध्यक्ष हरीश मेहरचंदानी, महासचिव भरत आसवानी, सचिव पुरुषोत्तम हरचंदानी, झूलेलाल कल्याण मण्डलम् के राजकुमार वाधवानी, कमलेश तोलानी ने शोभा यात्रा का ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

### संत लालसाईं ने शोभा यात्रा मार्ग की जानकारी दी सहभागिता की अपील, भव्यता का रिकॉर्ड बनेगा-कन्नू चैतीचांद शोभा यात्रा को लेकर स्कूल संचालकों की बैठक



**स्कूल संचालकों की बैठक हुई:** अशासकीय शिक्षण संस्था संगठन की बैठक संस्कार स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें संस्था के अध्यक्ष डॉ मेनिस मैथ्यूज ने बेग लेस पॉलिसी की जानकारी दी। सचिव बसंत चेलानी ने 10 अप्रैल को संतनगर में चैतीचांद पर शोभा यात्रा की जानकारी रखी। शोभा यात्रा में पालकों की सहभागिता के लिए संपर्क करने और विद्यालयों के योगदान देने को कहा। बैठक में वेदांत संत लाल साई ने शोभायात्रा के मार्ग की जानकारी दी। बताया गया कि शोभायात्रा सिंधु समाज से निकलकर शासकीय गर्ल्स स्कूल, शासकीय गर्ल्स स्कूल से एफ वार्ड, एफ वार्ड से आसनलाल धर्मशाला पर समाप्त होगी।

## सिंधु नव जागरण समिति ने चैतीचांद की जिम्मेदारियां बांटीं

**हिरदाराम नगर।** सिंधु नवजागरण समिति द्वारा चेतीचांद पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सिंधी सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले के व्यवस्था व स्वागत कार्यक्रम के लिए पदाधिकारी घोषित किए है। समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, महासचिव नरेश चोटरानी व संरक्षक माधु चांदवानी ने बताया कि 12 अप्रैल को रात आठ बजे सिंधी सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले का साधु वासवानी स्कूल ग्राउंड पर आयोजन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता रमेश वाधवानी व समाजसेवी सुरेश चोटरानी को स्वागतध्यक्ष बनाया गया है।

**मेट्रो एंकर** | साधु वासवानी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# ‘शिक्षा की सार्थकता तभी जब बच्चों को मानवता का बोध हो’

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जो शत-प्रतिशत रहा। परिणाम की घोषणा कार्यक्रम में की गई, जिसकी शुरूआत भारत माता, मां सरस्वती व संतजी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि अभिभावकों को विद्यालय में इसलिए बुलाया जाता है ताकि वे विद्यालय से जुड़े और शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों की गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल करें, क्योंकि अभिभावक ही बच्चों के सच्चे हितैषी होते हैं और उन्हें अपने बच्चों की जानकारी होना जरूरी है। इस कार्यक्रम में प्राचार्या सुतापा जायसवाल, उप प्राचार्या स्वाति कलवानी और दीपा आहूजा ने विचार रखे।

**संस्कार का परीक्षा परिणाम घोषित:** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम गुरूवार को घोषित किया गया। सेवा निवृत्त कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव की उपस्थिति में घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं संतजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। परिणाम शत-प्रतिशत रहा। चेलानी ने अभिभावकों का स्वागत किया। वासवानी ने कहा कि संस्कार विद्यालय बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देता है ये जो आज का परिणाम है वह हमारे षिक्षकों की मेहनत के साथ-साथ अभिभावकों की भी मेहनत है और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। कर्नल पारवानी ने भी विचार रखे।






### एटी, सिंधु स्कूल का परिणाम

अनन्दराम टी शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय मे कक्षा नर्सरी से 11वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। नवयुवक सभा के अध्यक्ष शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा की आगे भी आप इसी तरह ब?ते रहें। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में 13 मई से 25 मई तक कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एटी शाहानी स्कूल परिसर में सुबह 9 से 11 बजे तक संतनगर के सभी विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच छुपाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

## लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के तहत गठित राज्य सुपरवाइजरी बोर्ड ने लिया निर्णय

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गर्भवती महिलाओं से जुड़ी सोनोग्राफी जांचे छुपाने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इनके पंजीयन नवीनीकरण नहीं किए जाएंगे। ये कार्रवाई इसी बार से शुरू होगी। जिन संस्थानों ने जानकारी छुपाई है उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के तहत गठित राज्य सुपरवाइजरी बोर्ड की बैठक में यह निर्णय गुरुवार को लिए गए हैं। बोर्ड ने यह भी कहा है कि निजी कॉलेजों से एमबीबीएस करने के बाद 6 महीने की पढ़ाई और इतने ही अवधि का प्रशिक्षण लेने वाले डॉक्टरों को गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। असल में इसके लिए बोर्ड के सामने इसके लिए एक प्रस्ताव रखा था, जिसे बोर्ड ने अमान्य कर दिया है। बोर्ड ने निर्णय लिया है मुखबिर तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।

### प्रदेश के कुछ जिले छुपा रहे जानकारी

बोर्ड के सामने यह बात आई थी कि कुछ जिलों में चल रहे संस्थान गर्भवती महिलाओं से जुड़ी सोनोग्राफी की जांचें और उससे जुड़ी जानकारी पूर्व से तय प्रारूप में ऑनलाइन जमा नहीं कर रही है। जिसके कारण दिक्कतें हो रही है। आशंका है कि ऐसे कुछ संस्थान जानकारी छुपा रहे हैं। ऐसे संस्थानों पर नकेल कसने के लिए यह निर्णय लिया है।



### बोर्ड ने यह भी निर्णय लिया

- बोर्ड ने निर्णय लिया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के दण्डात्मक प्रावधानों से समस्त रेडियोलॉजिस्ट, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा सोनोलॉजिस्ट को अवगत कराने की व्यवस्था करे।
- प्रशिक्षण प्राप्त नियमित सेवारत चिकित्सकों को निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात ही सोनोग्राफी करने की अनुमति केवल शासकीय संस्थानों के लिए हो। प्रदेश के मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को दृष्टिगत रखते हुए विकासखण्ड स्तर तक सोनोग्राफी मशीनें दी जाए।
- वैकल्पिक बायोमेट्रिक के तौर पर आईरिस स्कैन का विकल्प अपनाया जाए।

## चुनावी छोटी-बड़ी खबरें

### कर्मचारियों की छुट्टियों पर प्रतिबंध

भोपाल, दोपहर मेट्रो। सभी प्रकार के अवकाश निर्वाचन काम संपन्न होने तक कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति लेना होगी। यह निर्देश आचरण संहिता के तहत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने दिए हैं। उन्होंने सार्वजनिक छुट्टियों में भी सरकारी कार्यालय खुले रखने व कर्मचारियों की छुट्टियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने बताया कि यदि शासकीय काम से मुख्यालय से बाहर जाना है तो उसकी अनुमति भी कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी से लेंगे। जो कर्मचारी मेडिकल अवकाश पर है, उनके अवकाश मेडिकल बोर्ड की मंजूरी के बाद ही मान्य होंगे।

### कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

भोपाल, दोपहर मेट्रो। नेहरू नगर स्थित सामुदायिक भवन पुलिस लाइन में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। दो पारियों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में रक्षित केंद्र स्टॉफ, थाना स्टॉफ, क्राइम ब्रांच सहित लगभग एक हजार जवानों को प्रशिक्षण दिया गया। जवानों को चुनाव पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। इस प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नीतू ठाकुर, स्वाति मुराव, देवकीनंदन आदि मौजूद रहे।

### 16 हजार कर्मचारी कराएंगे मतदान

भोपाल, दोपहर मेट्रो। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल ऋतुराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दल का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सैद्धांतिक प्रशिक्षण तथा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक ईवीएम हैण्डसऑन प्रशिक्षण दिया जाएगा। भोपाल में संसदीय चुनाव करने के लिए जिले के 16 हजार कर्मचारी भूमिका निभाएंगे। इन कर्मचारियों को मतदान करने का प्रशिक्षण दिया गया। पहला प्रशिक्षण एक से 6 अप्रैल तक चलेगा। करीब 80 मास्टर ट्रेनर शहर में सा जगह पर ट्रेनिंग देंगे।

### बूथ स्तर पर मतदान बढ़ाने बनेगी टीमें

भोपाल, दोपहर मेट्रो। जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने संबंधित विभाग समन्वय के साथ स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर जिले के मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भूमिका निभाने के लिए निर्देश दिए। मतदाता केन्द्रों को सूचीबद्ध कर बूथ स्तर पर स्वीप गतिविधियों के संचालन की टीमें बनाकर काम करने का कहा। इसी के तहत लोकसभा निर्वाचन के लिए नोडल अधिकारियों एवं स्वीप गतिविधियों के संचालन को लेकर बैठक हुई।

# भोपाल से बीएसपी ने भानू प्रताप सिंह को उतारा, राजगढ़ से राजेंद्र सूर्यवंशी लड़ेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। बीएसपी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने भोपाल से भानू प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। वहीं राजगढ़ से राजेंद्र सूर्यवंशी को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया है। ये दोनों ही सीटें काफी खास है। भोपाल प्रदेश की राजधानी वाली सीट है यहां हर पार्टी चुनाव जीतना चाहती है। भाजपा ने आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। राजगढ़ सीट पर दो बार मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह को कांग्रेस ने तो भाजपा ने रोडमल नागर को मौका दिया है। बीएसपी ने रीवा से अभिषेक पटेल, टीकमगढ़ से दल्लूराम अहिरवार, होशंगाबाद से राम गोविंद बारुआ, रतलाम से रामचंद्र सोलंकी और खरगोन से शोभाराम डाबर को मैदान में उतारा है।**

इधर, पार्टी पहले चरण की जिन 6 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा पूर्व में कर चुकी थी, उन्हीं प्रत्याशियों की सूची दोबारा जारी की है। पार्टी ने मैदानी स्तर पर कुछ लोगों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम के बाद सूची दोबारा जारी की है। ये सीटें छिंदवाड़ा, जबलपुर, बालाघाट, मंडला, सीधी ओर शहडोल है। बीएसपी ने दोहराया है कि सीधी लोकसभा से पूजन राम साकेत, शहडोल से धनीराम कोल, जबलपुर से राकेश चौधरी, मंडला से इंदर सिंह उइके, बालाघाट से कंकर मंजारे और छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से उमाकांत वंदेवार को प्रत्याशी बनाया है। असल में ये वे सीटें हैं जिन पर मप्र में पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। पार्टी ने इनमें से 4 सीटों पर पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिए थे लेकिन शेष दो सीटों पर अंतिम में प्रत्याशियों की घोषणा की थी। सभी प्रत्याशी




नामांकन भी दाखिल कर चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों के अलावा भी पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक कुछ उम्मीदवारों ने निर्दलीय पर्चा दाखिल कर दिया है। ऐसे कुछ अभ्यर्थी खुद को पार्टी का घोषित उम्मीदवार बताने के प्रयास कर रहे हैं। बीएसपी को इसकी भनक लगी तो उसने गुरुवार को इन 6 सीटों पर अधिकृत प्रत्याशियों के नाम फिर से जारी कर दिए हैं।

### मतदान दल की पहली ट्रेनिंग एक अप्रैल से

मतदान दल की पहली ट्रेनिंग 01 अप्रैल से 06 अप्रैल 2024 तक होगी। इसके लिए शहर में सात प्रशिक्षण केंद्र बनाए हैं। यहां सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक ट्रेनिंग होगी। ट्रेनिंग के लिए लगभग 80 मास्टर ट्रेनर तय किए हैं। यह प्रशिक्षण मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल, मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल, भोपाल, बीएसएस कॉलेज भोपाल, रवीन्द्र भवन पुराना सभागृह भोपाल, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गोविंदपुरा भोपाल, सभागार राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, वैशाली नगर-भोपाल एवं समन्वय भवन (अपेक्स बैंक), टीटी नगर भोपाल केन्द्रों में होगी।

## सांची विवि में गेस्ट फैकल्टी के लिए प्रक्रिया शुरू

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में गेस्ट फैकल्टी के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुलपति कार्यालय में 3-4 अप्रैल को अलग-अलग विषयों की फैकल्टी के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। 3 अप्रैल को अल्टरनेटिव एजुकेशन एंड होलिस्टिक डेवलपमेंट इंग्लिश, बुद्धिस्ट फिलॉसफी, वैदिक स्टडीज शामिल है। इन विषयों के इंटरव्यू इसी तरह 4 अप्रैल को इंडियन फिलॉस्फी, इंडियन पेंटिंग, योगा एंड हिंदी विषयों के लिए होंगे। समय सुबह 11 बजे से रहेगा। ऐसे अभ्यर्थी जो यूजीसी के नियमों को पूरा करते हों वे अपने मूल दस्तावेजों के साथ में इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। उन्हें दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी साथ रखना होगी।

## सीयूईटी यूजी के लिए आवेदन 31 मार्च तक

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी यूजी परीक्षा 15 से 31 मई के बीच आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए विद्यार्थी 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी भरे गए फार्म में कोई संशोधन 2-3 अप्रैल तक करा सकेंगे।

## 18 अप्रैल को आएगा नीट एमडीएस का रिजल्ट

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन द्वारा नीट मास्टर इन डेंटल सर्जरी (एमडीएस) का रिजल्ट 18 अप्रैल को जारी किया जाएगा। रिजल्ट में उम्मीदवार के कुल अंकों के साथ उसकी रैंक भी घोषित कर दी जाएगी। रैंक के आधार पर उसे मेडिकल कॉलेज अलॉट किया जाएगा। नीट एमडीएस का आयोजन 18 मार्च को हुआ था।

# हिन्दी मीडियम के छात्र मैनिट में बाय लिंग्वल में कर रहे पढ़ाई

## नेशनल शिक्षण संस्थानों ने शुरू की पहल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में हिन्दी भाषा के लिए अलग से सेक्शन बनाया गया है। जिसमें 'जे' सेक्शन नाम दिया है। इसमें उन विद्यार्थियों की कक्षाएं लगाई जातीं हैं, जिन्होंने इंजीनियरिंग के लिए हिन्दी भाषा को चुना है। इस सेक्शन में सभी ब्रांच के विद्यार्थियों की एक साथ कक्षाएं लगाई जातीं हैं। इतना ही नहीं प्लेसमेंट में छात्रों को किसी तरह की समस्या न आए इसके उन्हें बाय-लिंग्वल में पढ़ाया


फाइल फोटो

जाता है। बताया गया कि इस साल मैनिट के 81 विद्यार्थियों ने हिन्दी को चुना है। इसमें सभी ब्रांच के विद्यार्थी शामिल हैं। शुरुआत में हिन्दी माध्यम से पढ़ाई में लिए 150 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था, लेकिन सुविधाओं के अभाव में दो साल बाद सिर्फ 27 विद्यार्थी ही बचे थे। छात्र डिग्री के बीच में माध्यम को न बदलें इसलिए मैनिट ने यह व्यवस्था की है। बता दें हिन्दी का वर्चस्व बनाए रखने के लिए अब नेशनल शिक्षण संस्थानों ने भी पहल शुरू कर दी है।

## अतिथि शिक्षकों के सत्यापन में 20 अप्रेल तक होगा सुधार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी सहित प्रदेश के स्कूलों के लिए संकुल प्राचार्यों के माध्यम से अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन मंगाए गए। इनके पैनल तैयार कर दस्तावेजों और मप्र पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने का सत्यापन कराया गया। शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक रखें जाने हैं। इनके दस्तावेजों का सत्यापन संकुल स्तर पर कराया गया। इसमें सुधार के लिए 20 अप्रेल तक काम होना है। सत्यापन के दौरान संकुल प्राचार्यों ने कई गलतियां की थी। सुधार के लिए आवेदकों ने मांग रखी।

# खर्च पर वन अधिकारियों के हाथ बांधे, अब निविदा से कराने होंगे सभी काम

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

वन विभाग के अधिकारी अब खुद के स्तर पर लाखों रुपये खर्च नहीं कर पाएंगे। शासन ने इनके हाथ बांध दिए है। दो लाख रुपये से अधिक के काम टेंडर प्रक्रिया के तहत ही होंगे। अभी तक ये काम सीसीएफ, सीएफ व डीएफओ स्वयं के स्तर पर करवाते थे। यदि इन कामों के लिए सामग्री खरीदनी होती थी तो भंडार एवं क्रय नियमों के तहत खरीदी कराई जाती थी। अब ऐसा नहीं होगा, उक्त राशि से अधिक के सभी कामों के लिए निविदा बुलाने वाली प्रक्रिया का पालन करना होगा। इस संबंध में शासन ने बुधवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख को निर्देशित किया है। हालांकि निर्देश में यह भी कहा है कि रोपणियों में पौधा रोपण, रख-रखाव, वन्यप्राणी क्षेत्रों के कोर में किए जाने वाले सभी काम, मुनारा, फायर लाइन कटाई व रख-रखाव, वन मार्गों का उन्नयन व सौंदर्यीकरण, प्रशिक्षण, कार्यशाला, अनुभूति शिविर जैसे काम विभागीय स्तर पर कराए जा सकेंगे।






**मेट्रो एंकर** | बैठक में सत्र 2023-24 की संबद्धता सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय

# आरजीपीवी में मई के दूसरे सप्ताह में दीक्षांत समारोह कराने पर सहमति

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में आयोजित कार्यपरिषद की बैठक में सत्र 2023-24 की संबद्धता सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिया गया है। इसमें विवि का बजट प्रस्तुत किया गया, जो घाटे का रहा। वहीं, विवि के दीक्षांत समारोह की तारीख तय की गई है। बैठक में विवि का दीक्षांत समारोह मई के दूसरे सप्ताह में कराए जाने पर सहमति बनी है। वहीं विवि से संबद्ध करीब 350 से अधिक इंजीनियरिंग, फार्मेसी और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को 2023-24 की संबद्धता से संबंधित विषयों पर कार्यपरिषद का अनुमोदन लिया गया। यह मामला भी चर्चा में है क्योंकि सत्र शुरू हुए 9 महीने बीत चुके हैं और अब जाकर संबद्धता जारी की जा रही है।

### आचार संहिता में दीक्षांत समारोह

दीक्षांत समारोह के निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि इस दौरान आचार संहिता के चलते विवि के अधिकांश कर्मचारी-अधिकारी चुनाव ड्यूटी पर रहेंगे तो कार्यक्रम कैसे होगा। वहीं विभाग के मंत्री कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाएंगे।

### भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठा, अभाविप ने किया प्रदर्शन



बैठक में विवि में हुए भारी भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठा। इसमें प्रमुख रूप से हाल ही में सामने आई 19 करोड़ रुपए से अधिक के भ्रष्टाचार के मामले में हुई एफआईआर के बाद की जा रही कार्रवाई को लेकर कार्यपरिषद सदस्यों ने चर्चा की। बैठक के तुरंत बाद ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रमुख मांग में शामिल विवि के पूर्व प्रभारी कुलसचिव डॉ. सुरेश सिंह कुशवाह के मामले में दोबारा से जांच कराने की मांग की गई।

## सुविचार

''खुद में झांकने के लिए जिगर चाहिए वरना दूसरों की शिनाख्त में तो हर शख्स माहिर है।''

– अज्ञात

l ikndh;

# महिलाएं वादे और चुनाव

देश में लोकसभा चुनाव की आपाधापी के बीच अब ज्यादा महिलाएं केंद्रीय भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। महिला का जिक्र या तो दलों व नेताओं की जुबान पर है और उनकी बेहतरी के वादे हो रहे हैं, या फिर महिला खुद बतौर उम्मीदवार लोगों के बीच हैं। देश के कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में करीब आधी संख्या महिलाओं की है। भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस लगातार महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए एक किस्म की होड़ में हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जहां महिलाओं पर केंद्रित व्यापक स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य कार्यक्रमों की शुरुआत की है, वहीं कांग्रेस ने नारी न्याय योजना की पेशकश की है जिसके तहत महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये डाले जाएंगे और केंद्र सरकार की सभी नौकरियों में उन्हें 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। मगर सवाल यह है कि ऐसे वादे किस हद तक पूरे हो सकते हैं? यह देखना विचित्र है कि सभी दल राजनीतिक बयानबाजी में इतने आगे निकल चुके हैं। पिछले वर्ष संसद के विशेष सत्र में 106वां संशोधन अधिनियम पारित होने के बाद यह विषय खासतौर पर विवादास्पद हो गया है। इसे महिला आरक्षण विधेयक के नाम से जाना जाता है जिसके तहत 15 वर्षों तक महिलाओं को संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने की बात कही गई है। चूंकि यह प्रावधान परिसीमन के बाद लागू होगा इसलिए सभी राजनीतिक दलों के पास पर्याप्त समय है कि वे इसके लिए अपनी चुनावी सूची तैयार कर सकें। बावजूद राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों पर दिखावा ही करते हैं। हालांकि इसके मुताबिक अभी प्रमुख राजनीतिक दल ने अपनी उम्मीदवारों की सूची में अब तक महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। हालाकि भाजपा आगे है और जितने उम्मीदवार घोषित किए हैं उनमें करीब 17 फीसदी महिलाएं हैं। खास बात यह है कि अब तक पार्टी ने लैंगिक आधार पर अपना प्रदर्शन सुधारा है। 2014 में उसके 428 उम्मीदवारों में से 38 महिलाएं थीं, 2019 में यह आंकड़ा सुधरकर 436 में से 55 हुआ। वहीं कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची बताती है कि उसने अब तक 12 फीसदी महिलाओं को टिकट दिया है। सबसे अधिक चकित करने वाली सूची तृणमूल कांग्रेस की है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल की 42 सीटों में से 12 पर महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। बहरहाल, आंकड़े हतोत्साहित करने वाले हो सकते हैं मगर 2019 के आम चुनाव की तुलना में बेहतर रहने वाले हैं। जब कुल प्रत्याशियों में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 9 फीसदी थी। तब भी लोकसभा में 78 महिलाएं चुन कर आई थीं जो कुल सदस्यों का 14.3 फीसदी था। इसके बावजूद यह देश के आम चुनावों के इतिहास में महिलाओं की सबसे बड़ी संख्या थी। चरणबद्ध तरीके से हो रहा सुधार उत्साहित करने वाला है। आंकड़े बताते हैं कि महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद राजनीतिक दलों को तेजी से प्रयास करने होंगे। इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन के अनुसार फिलहाल भारत संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के 26.9 फीसदी के वैश्विक औसत से काफी पीछे है। आईपीयू की संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी की ताजा मासिक वैश्विक रैंकिंग में भारत 184 देशों में से 144वें स्थान पर है। उधर कॉर्पोरेट बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हालांकि कम है लेकिन इसमें सुधार हुआ है। 2019 के 15 फीसदी के बजाय अब 20 फीसदी महिलाएं कंपनियों के बोर्ड में हैं। यह तो यह है कि संसद तथा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी करने के लिए सभी दलों को महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर अपने वादों के मुताबिक ही ध्यान देना होगा।

## निशाना

### तेज़ी से प्रचार !



– कृष्णेन्द्र राय

धुआंधार रैली और ।
तेज़ी से प्रचार ।।
अपनी और पार्टी की ।
है लानी बहार ।।
धीरे-धीरे बढ़कर ।
आ गए नज़दीक ।।
है अब पूरी कोशिश ।
प्रहार हो सटीक ।।
उसी दिशा में अग्रसर ।
है लगाया ज़ोर ।।
बढ़ जाए मुनाफा ।
रहे आज झकझोर ।।
खोलेंगे फिर पत्ते ।
हो जाए बस जीत ।।
रहा कुरेद बार बार ।
अपना जो अतीत ।।

## आज का इतिहास

- **1857** - सिपाही मंगल पांडे (34 वीं रेजीमेंट), भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ बंगाल नेटिव इन्फैंट्री विद्रोहों और लंबे समय से चल रहे 1857 के सिपाही स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाने गये।
- **1953** - हिलैरी तथा तेनजिंग नोर्गे द्वारा विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर विजय।
- **1982** - तेलुगु देशम पार्टी (भारत क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी) एन.टी. रामाराव द्वारा स्थापित करी गयी।
- **1999** - पराग्वे के राष्ट्रपति रॉल क्यूबास का इस्तीफ़ा।
- **2001** - संयुक्त राज्य अमेरिका का ग्लोबल वार्मिंग पर क्योटो संधि को मानने से इंकार।
- **2003** - तुर्की एयरलाइंस विमान के अपहर्त्ताओं ने आत्मसमर्पण किया।
- **2008** - उज्जैन के संस्कृत विद्वान् प्रो. श्रीनिवास रथ को उत्तर प्रदेश संस्कृति पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई। 1971 बैच की आईएएस अधिकारी और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्य सचिव नीरा यादव ने राज्य सरकार की सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली।
- **1998** - अदिति अशोक - भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ़र हैं।
- **1913** - भवानी प्रसाद मिश्र - हिन्दी के प्रसिद्ध कवि तथा गांधीवादी विचारक।
- **1928** - रोमेश भंडारी, दिल्ली के उपराज्यपाल तथा त्रिपुरा, गोवा और उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल थे।
- **1929** - उत्पल दत्त - हिन्दी तथा बांग्ला फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता।
- **1943** - जॉन मेजर - ब्रिटेन के प्रधानमन्त्री
- **2020** - श्याम सुंदर कलानी - दूरदर्शन के प्रसिद्ध धारावाहिक 'रामायण' में सुग्रीव की भूमिका निभाने वाले कलाकार थे।
- **1963** - सियारामशरण गुप्त, हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार

# हरित क्रांति में हिंसा की फसलें

## भारी सामाजिक-आर्थिक विषमता थी प्रमुख वजह

■ वीरसिंह

भारत में किसानों का विरोध प्रदर्शन एक आम घटना-सी बन गया है। ये विरोध प्रदर्शन हिंसा की छिटपुट घटनाओं से चिह्नित हैं। हरित क्रांति में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की, पर इसकी कथित सफलता के पीछे छिपी वास्तविक कहानी भयावह है। सुप्रतिष्ठित पर्यावरण कार्यकर्ता और विद्वान डॉ वंदना शिवा ने अपनी बहुचर्चित पुस्तक द वायलेंस ऑफ द ग्रीन रेवोल्यूशन (हरित क्रांति की हिंसा) में हरित क्रांति से उत्पन्न व्यापक पर्यावरणीय और सामाजिक परिवर्तनों के बीच की जटिलताओं को खोजा है। उन्होंने हरित क्रांति पद्धति में छिपी बहुआयामी हिंसा की पड़ताल अनेक घटनाओं का उदाहरण देते हुए की है। इस पुस्तक में उन्होंने पारिस्थितिक सिद्धांतों से जोड़ कर वर्तमान और भविष्य में हरित क्रांति से उबलते एक-एक पहलू की भविष्यवाणी कर दी थी।

हरित क्रांति का प्रादुर्भाव 20वीं शताब्दी के मध्य महत्वाकांक्षी कृषि परिवर्तनों के साथ हुआ था। इसका उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों और कृषि रसायनों को अपनाकर कृषि उत्पादन को बढ़ाना और वैश्विक भूख को कम करना था, परंतु इसके परिणाम सकारात्मक नहीं थे। उस समय भविष्य में इसके क्या-क्या सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक परिणाम होंगे, इसका आकलन नहीं किया गया। हमने अपनी भौगोलिक सीमाओं में जन्मे तथा सदियों से पीढ़ियों को पोषित करते आए बीजों को तिलांजलि दे दी और अंधाधुंध पानी एवं अनेक जहरीले रसायनों के बल पर अधिक उत्पादन देने वाले बीजों को अपनाते चले गए।

गहन रासायनिक कृषि पद्धतियों से उत्पन्न पारिस्थितिक विघटन, जिसमें मिट्टी का कटाव, भूजल की कमी और पर्यावरण जैसे मुद्दे शामिल हैं, ने पंजाब के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक ताने-बाने को गहराई से प्रभावित किया। बड़े कृषि व्यवसायों में धन और शक्ति का संकेंद्रण, छोटे किसानों का बड़े स्तर पर विस्थापन और ग्रामीण ऋणग्रस्तता में वृद्धि आदि हरित क्रांति के विनाशकारी प्रभाव हैं। गहन कृषि क्रियाओं को निर्बाध चलाना पंजाब के बड़े किसानों की क्षमता से बाहर हो गया, तो उन्हें देश के अन्य राज्यों से बड़े पैमाने पर मजदूरों को बुलाना पड़ा। बिहार, मध्य प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश से अधिकांश मजदूर जाकर पंजाब के खेतों में काम करने लगे। उनमें से कई कृषि मजदूर और उनके परिवारों ने पंजाब में ही बसना शुरू कर दिया, जिससे पंजाब की सामाजिक-संस्कृति संरचना पर भी प्रभाव पड़ने लगा। हरित क्रांति के साथ जो %नया% पंजाब (बड़े किसानों और मजदूरों के साथ) बनता गया, उसमें भारी सामाजिक-आर्थिक विषमता थी। जब समाज में सामाजिक-आर्थिक असमानताएं एक सीमा से अधिक बढ़ जाती हैं, तब हिंसा भी सिर उठाने लगती है। बीती सदी के 1980 के दशक में पंजाब में जिस हिंसा ने उग्र रूप ले लिया था, उसके कल्ले हरित क्रांति से ही फूटे थे। इसका सबसे अधिक कहर पंजाब के किसानों और कृषि मजदूरों पर ही टूटा था।

बेशक हरित क्रांति ने खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता पैदा की और देश को खाद्य-निर्यातक राष्ट्र की श्रेणी में ला खड़ा किया। लेकिन इस प्रणाली से जुड़े पर्यावरणीय, पारिस्थितिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक प्रदूषण की अनदेखी नहीं की जा सकती। भूजल की अत्यधिक कमी, मिट्टी पर रेगिस्तानीकरण का साया, जैव विविधता का अकूत ह्रास और सामुदायिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव हरित क्रांति के ऐसे दुष्परिणाम हैं, जिनकी काली छाया भविष्य पर मंडराती रहेगी।



**हरित क्रांति का प्रादुर्भाव 20वीं शताब्दी के मध्य महत्वाकांक्षी कृषि परिवर्तनों के साथ हुआ था। इसका उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों और कृषि रसायनों को अपनाकर कृषि उत्पादन को बढ़ाना और वैश्विक भूख को कम करना था, परंतु इसके परिणाम सकारात्मक नहीं थे। उस समय भविष्य में इसके क्या-क्या सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक परिणाम होंगे, इसका आकलन नहीं किया गया।**

वायुमंडल में कुल उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों का लगभग एक-तिहाई हिस्सा केवल कृषि क्षेत्र की देन है, और वह भी हरित क्रांति वाली कृषि की। इस तरह कृषि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को बढ़ाने वाला मानवीय कार्यकलाप है। इस खेती को संभालने और परिवार की आजीविका के लिए उससे उत्पादन लेते रहने के लिए सभी आदानों (बीज, रासायनिक उर्वरक, रोगनाशक, कीटनाशक, और खरपतवार नाशक रसायन, ट्रैक्टर, कंबाइन, हार्वेस्टर और अन्य उपकरणों, आदि) के लिए बाजार पर बढ़ती निर्भरता ने किसानों को ऐसे चक्रव्यूह में फंसा दिया है, जिससे अनेक किसान आत्महत्या करके ही बाहर निकल पाते हैं। मानव समाज को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाली हिंसा के और भी अनेक आयाम हैं। पारिस्थितिक प्रक्रियाओं का टूटना, पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और अनगिनत जीवों पर संकट भी हिंसा के द्योतक हैं, जो अंततोगत्वा सामाजिक हिंसा से जुड़ जाते हैं और ये सब हरित क्रांति की कोख से जन्मे हैं।

वह भारतीय सभ्यता, जो कभी अपने वैभव-भरे अतीत में 500 तरह के पेड़-पौधों से अपना भोजन चुनती थी, अब हरित क्रांति काल की चंद फसलों से ही भोजन प्राप्त करने के लिए अभिशप्त है और अपनी ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत केवल तीन फसलों (गेहूं, चावल और मक्का) से प्राप्त करने के लिए बाध्य है। वर्तमान में जारी किसान प्रदर्शन से एक झकझोर देने वाला पहलू यह भी निकलकर आता है कि कृषि-विविधता के अनन्य देश के किसानों की सांसें दो दर्जन से भी कम फसलों पर अटकी हैं, जिनके लिए वे न्यूनतम समर्थन मूल्य मांग कर अपनी आजीविका बचाने का जतन कर रहे हैं। हरित क्रांति के बीजों ने भूजल का भारी दोहन किया है, मिट्टी, जल और वायु को कलुषित कर जन स्वास्थ्य के साथ अन्य सभी थलचरों और जलचरों के स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित किया है। और सबसे बड़ी बात, पश्चिम से आयातित इस खेती के चलते खाद्य सुरक्षा और किसानों की संप्रभुता से समझौता किया गया है। हरित क्रांति ने किसानों को कर्ज की गुलामी और निराशा की विषैली धुंध में धकेल दिया है। खाद्य सुरक्षा और खाद्य प्रभुसत्ता क्षणिक चिंता के नहीं, बल्कि स्थायी चिंतन के विषय हैं। खाद्य सुरक्षा और संप्रभुता का मूल पृथ्वी की अनूठी विशेषताओं और पारंपरिक पारिस्थितिक कृषि पद्धतियों में निहित है। उत्पादकता केवल उन्नत बीजों पर निर्भर नहीं हो सकती, बल्कि यह पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है, जो मिट्टी की गुणवत्ता, जैव विविधता और कृषि की पारिस्थितिक अखंडता पर निर्भर करता है।

**(साभार :-लेखक जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एमेरिटस हैं)**

## विश्व रंगमंच दिवस (27 मार्च पर विशेष)

# नाट्य- अभिनय ने बचाया अवसाद से

■ अशोक मनवानी

**मुझे** रंगमंच से जुड़े चार दशक हो गए हैं। इन सालों में शौकिया लगभग तीस नाटकों में काम किया है। हिंदी,सिंधी ,गुजराती और बुंदेली के नाटक किए हैं। भले नाटक कम संख्या में हैं लेकिन संतोष यह है कि इनमें विविध और अहम भूमिकाएं करने का अवसर मिला, जैसे पुलिस इंस्पेक्टर ,डी आयी जी ,डाक्टर ,स्वतंत्रता सेनानी,बुजुर्ग मुखिया और सेल्समेन।

रंगमंच जीवन की निराशाओं और अवसाद से भी व्यक्ति को बचाने का काम भी करता है और जीने का नया हौसला भी देता है। एक बार एक साथी कलाकार के उपलब्ध नहीं होने पर महाभोज (मन्नू भंडारी) के पुलिस अधिकारी की भूमिका करना पड़ी थी ,तब दो दिन में सैल्यूट सीखने के साथ ही मुख्यमंत्री के साथ लम्बे संवाद याद करने की चुनौती थी। खैर भारत भवन के अन्तरंग मंच पर यह नाटक कामयाब रहा। इसी तरह एक बार रविन्द्र नाथ टैगोर के काबुलीवाला में उसी दिन रोल करने को कहा गया। गुजरात से भोपाल आए नाट्य दल को इस किरदार की आवश्यकता थी जो मैंने निभाया।एक



बार फिर मैंने तत्काल संवाद याद कर अभिनय करने का आनंद उठाया।

मुझे इसके पहले लक्ष्मीकांत वैष्णव के 'नाटक नहीं, श्रवण कुमार गोस्वामी के 'कल दिल्ली की बारी है ' मुंशी प्रेमचंद के 'आहुति' और कृष्ण बलदेव वैद के 'भूख आग है' के माध्यम से हिंदी रंगमंच पर आने और विशिष्ट भूमिकाएं करने का मौका मिला था। सिन्धी नाटकों में लेखक कीरत बाबानी के लिखे हेमू कालानी और लखमी खिलानी के देश- विभाजन की पृष्ठभूमि पर लिखे नाटक रेत का किला में यादगार भूमिकाएं करने को मिली हैं। कई साल बाद इसी नाटक में 2023 में इंदौर में नाटक निर्देशिका कविता इसरानी के। निर्देशन में अभिनय के लिए मंच पर रेलवे टी टी के रूप में मंच पर आया। टैगोर की रचना 'काबुली वाला' में पुलिसिया अंदाज दिखाना था। लघु भूमिका ही थी ,जो करने में मुझे सुविधा भी रहती है। स्व लिखित नाटक रक्त दोष में 10 बार से अधिक भूमिका की है ब्लड बैंक अधिकारी के रूप में मंच पर अभिनय किया है।इसके पहले मन्नू भंडारी के महाभोज में भी यही वर्दी की गर्मी दिखाई थी ,डी .आय .जी . सिन्हा की भूमिका में तब मुख्यमंत्री की भूमिका में उदय शहाणे जी के साथ आँखे मिलाकर एक्ट करने में पसीना आ गया था मैं यह मानता हूँ कि थियेटर व्यक्तित्व- विकास और अभिव्यक्ति-क्षमता के विकास में भी मदद करता है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# नाम निर्देशन के प्रथम दिन एक अभ्यर्थी ने दाखिल किया नाम निर्देशन पत्र



**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 में नामांकन के प्रथम दिन गुरुवार 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी दर्शन सिंह चौधरी ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी सोनिया मीना ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

# व्यय प्रेक्षक ने किया एसएसटी पॉइंट एवं व्यय शाखा का निरीक्षण



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराये जाने के प्रयोजन से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन पर्यवेक्षण कार्य हेतु केंद्रीय व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 नर्मदा पुरम के लिए व्यय प्रेक्षक सुश्री मीना कुमारी मीना आईएएस अधिकारी 2009 बैच को नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक द्वारा सिवनी मालवा के एसएसटी पॉइंट हथनापुर नर्मदा ब्रिज तथा गंजाल चेक पोस्ट का निरीक्षण किया प्रेक्षक द्वारा सिवनी मालवा तहसील कार्यालय पहुंचकर विधानसभा स्तर पर गठित व्यय टीम से जानकारी ली विधानसभा की भौगोलिक स्थिति एफएसटी तथा बीएसटी के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली गई उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाए निरीक्षण के समय नायब तहसीलदार नितिन राय, श्रीमती दीप्ति चौधरी, लायजनिंग ऑफिसर सुश्री अनुराधा शाक्यवार, सुश्री ज्योति अय्यर, लेखा अधिकारी अंबुज रावत, सहायक लेखा अधिकारी वेदांग चौहान राजस्व निरीक्षक श्याम सिंह तारे ,निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई उपस्थित थे।

### जिले में अभी तक 3420 किसानों ने जिले के विभिन्न 71 केन्द्र पर स्लॉट बुकिंग कराई

# चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन करने जिले में 20 केन्द्र निर्धारित

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो





जिले में 3420 किसानों ने 71 केन्द्र पर स्लॉट बुकिंग कराई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें सेवा सहकारी समिति चंदेरी, सेमरीखुर्द ढाबाकला, कांद्राखेड़ी, वह्मत्तकार सेवा सहकारी समिति इटारसी, सेवा सहकारी समिति आंखमउ गूजरवाड़ा, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ, सेवा सहकारी समिति लोखरतलाई बानापुरा मंडी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कालाआखर सुखतवा, सेवा सहकारी समिति सिरवाड़ा बाबई उपमंडी सोईलो बैग आरी, सेवा सहकारी समिति बुधवाड़ा टुगारिया, लोधड़ी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सनखेड़ा, सेवा सहकारी समिति निमसाड़िया साईलो बैग सुक्करवाड़ा फार्म, पाटनी मारागांव, गुनौरा, सिवनीमालवा विपणन सहकारी समिति बानापुरा मंडी, झकलाय, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सेमरीहरचंद मंडी, सेवा सहकारी समिति बागरातवा बाबई उपमंडी साईलो बैग सुक्करवाड़ा फार्म, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति पगढाल, सेवा सहकारी समिति भैरोपुर, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भमेड़ी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति शिवपुर, सेवा सहकारी समिति कांद्राखेड़ी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति बाबई बाबई मंडी साईलो बैग आरी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति धामनिया, सेवा सहकारी समिति पलिया पिपरिया मछेराकलां, सेवा सहकारी समिति ब्यावरा पवारखेड़ा, सेवा सहकारी समिति ब्यावरा, सेवा सहकारी समिति आंखमउ गूजरवाड़ा, सेवा सहकारी समिति सोमलवाड़ा, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रायपुर होशंगाबाद मंडी, सेवा सहकारी समिति दहेड़ी रतवाड़ा, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गुरंजघाट, सेवा सहकारी समिति बघवाड़ा, आदिमजाति सेवा सहकारी समिति केसला, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रानी पिपरिया, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति शोभापुर, नर्मदाचंल विपणन सहकारी संस्था होशंगाबाद, सेवा सहकारी समिति मिसरौद उपमंडी प्रागंण डोलरिया, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सांवलखेड़ा पालनपुर, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सांवलखेड़ा, आदिमजाति सेवा सहकारी समिति नंदरवाड़ा, कृषक सेवा सहकारी समिति माल्हनवाड़ा, सेवा सहकारी समिति डंगरहाई कामती, सेवा सहकारी समिति घाटली, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति इटारसी मंडी क्रमांक 2, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति इटारसी मंडी क्रमांक 1, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रायपुर मंडी होशंगाबाद, सेवा सहकारी समितिखपरिया हथनापुर, सेवा सहकारी समिति पिपल्याकला बानापुरा मंडी, सेवा सहकारी समिति गाड़ाघाट, सेवा सहकारी समिति ईशवरपुर मंहगवा, कृषक सेवा सहकारी समिति चांदौन समनापुर, सेवा सहकारी समिति अन्हाइ कपूरी सेमखेड़ा, कृषक सेवा सहकारी समिति उमरधा समनापुर, कृषक सेवा सहकारी समिति तरोनकलां पिपरिया मंडी, कृषक सेवा सहकारी समिति देवगांव कृषि उपज मंडी पिपरिया, कृषक सेवा सहकारी समिति सांडिया, कृषक सेवा सहकारी समिति रामपुर, किसान विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था बनखेड़ी, सेवा सहकारी समिति अन्हाई कपूरी आमगांव सुरैलारंधीर, कृषक सेवा सहकारी समिति चांदौन, किसान विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था बनखेड़ी अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, कृषक सेवा सहकारी समिति बनखेड़ी अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, सेवा सहकारी समिति डंगरहाई कामती अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, कृषक सेवा सहकारी समिति बनखेड़ी मंडी अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, सेवा सहकारी समिति महुआखेड़ा अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, सेवा सहकारी समिति पलिया पिपरिया अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, कृषक सेवा सहकारी समिति माल्हनवाड़ा अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा तथा सेवा सहकारी समिति महुआखेड़ा अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा शामिल हैं।

बताया गया है कि 27 मार्च 2024 तक की स्थिति में जिले में कुल 81 हजार 809 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिनमें गेहूँ के लिए 72 हजार 112, चना के लिए 20 हजार 211, मसूर के लिए 11 एवं सरसों के लिए 291 किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें सिवनीमालवा तहसील में कुल 21256 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी तरह से बाबई में 11 हजार 103, सोहागपुर में 10 हजार 910, बनखेड़ी में 9 हजार 410, पिपरिया में 9 हजार 196, इटारसी में 7 हजार 635, डोलरिया में 7 हजार 275, होशंगाबाद में 4 हजार 580 तथा होशंगाबाद नगर में 444 किसान ने अपना पंजीयन कराया है।

## जिले में उपार्जन 26 मार्च से शुरू 31 मई तक किया जाएगा

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



जिले में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए 20 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। उपार्जन का कार्य 26 मार्च से शुरू हो गया है तथा उपार्जन 31 मई 2024 तक किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बताया है कि उपार्जन का कार्य तहसील पिपरिया को छोड़कर निर्धारित 20 उपार्जन केन्द्रों पर उपार्जन का कार्य प्रारंभ है। उन्होंने समस्त पात्र कृषकों से एफएक्यू मापदंड अनुरूप चना, मसूर तथा राई-सरसों का उपार्जन कार्य निर्धारित तिथि तक करने के निर्देश सर्व संबंधितों को दिए हैं।

बताया कि भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना, मसूर तथा सरसों के उपार्जन के लिए जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर 20 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इसके अनुसार तहसील सिवनीमालवा में 11, माखननगर में 5, डोलरिया में 2 एवं तहसील सोहागपुर में 2 उपार्जन केन्द्र निर्धारित है। निर्धारित उपार्जन केन्द्रों की प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सिवनीमालवा में सेवा सहकारी समिति पिपलियाकला, लोखरतलाई, झकलाय, कोठरा, बघवाड़ा, लोधड़ी, भमेडी, तोरनिया, शिवपुर, नर्मदा स्व सहायता समूह बुण्डाराकला, विपणन सहकारी समिति बानापुरा शामिल हैं। इसी तरह से माखननगर में सेवा सहकारी समिति सिरवाड़, बागलखेड़ी , बहारपुरकृषि सेवा सहकारी समिति आरी, वृहत्ताकार सहकारी समिति आंखमउ, तहसील डोलरिया में नर्मदा स्वसहायता समूह धमासा, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति गुनौरा तथा तहसील सोहागपुर में सेवा सहकारी समिति पाटनी तथा वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सांगाखेड़ाखुर्द उपार्जन केन्द्र शामिल हैं।

# 1 लाख की चरस के साथ पकड़ाया आरोपी



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

क्षेत्र में इन दिनों मादक पदार्थों का धंधा जमकर फल फूल रहा है आज गांव-गांव में अवैध शराब गांजा चरस अफीम खुलेआम मिल रही है। इसी के चलते बीते रोज पुलिस अधीक्षक डॉ, गुरकरन सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी मालवा राजू रजक के नेतृत्व में जिला पुलिस बल नर्मदापुरम द्वारा अवैध मादक पदार्थ (चरस) जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिवनी मालवा को मुखबिर के सूचना मिली थी किबानापुरा ओवर ब्रिज के बाजू में रौनक अग्रवाल के टपरे के पीछे एक व्यक्ति सफेद टी शर्ट व नीले रंग का जीन्स पहने है जो अपने पास चरस रखे हुये जिसे बेचने की फिराक में है। सूचना पर थाना प्रभारी उषा मरावी द्वारा टीम का गठन किया गया व मुखबीर सूचना से अवगत कराकर उचित वैधानिक कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। सूचना पर टीम द्वारा तत्काल बताये गये घटना स्थल ओवर ब्रिज के बाजू में रौनक अग्रवाल के टपरे के पीछे बानापुरा सिवनी मालवा पहुंचे जहाँ मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को आता देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा जिसके पास एक सफेद रंग की पालिथिन में हरे काले रंग का गंध एवं नमीयुक्त मादक पदार्थ चरस मिला जो उक्त मादक पदार्थ का वजन इलेक्ट्रानिक तौल काटे पर रखकर वजन किया तो अवैध मादक पदार्थ चरस का वजन 0.179 कि.ग्रा. पाया गया जिसकी लगभग बाजार में कीमत 1 लाख बताई जा रही है जो आरोपी दीपक कहार उर्फ दीपक कालिया पिता लालचंद कहार उम्र 35 साल निवासी नाला मोहल्ला सिवनी मालवा से जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध थाना सिवनी मालवा मे अपराध क्रं. 191/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने बताया कि दीपक कालिया आदतन अपराधी है जिसके कई जिलों के थानों में अपराध पंजीबद है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया। इस पूरे कार्य में पुलिस टीम थाना प्रभारी निरीक्षक उषा मरावी, उनि नरेन्द्र लिल्हारे, उनि शहजाद खान, आरक्षक संदीप दुबले, आरक्षक धर्मेंद्र राजावत आरक्षक ओमप्रकाश जाट, आरक्षक मुकेश झाडे, आरक्षक दीपक प्रजापति, आरक्षक अशोक मीना, राहुल राजपूत की मुख्य भूमिका रही।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

**सिवनी मालवा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा क्षेत्र नर्मदा पुरम नरसिंहपुर में 26 अप्रैल को मतदान तथा 4 जून को नर्मदा पुरम में मतगणना संपन्न होगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी सिवनी मालवा श्रीमती सरोज सिंह परिहार ने विधिवत तहसील कार्यालय, निर्वाचन शाखा,जनपद पंचायत कार्यालय में भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अधिसूचना जारी की इसके साथ ही रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम में अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का कार्य भी प्रारंभ हो गया नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 5 अप्रैल को नर्मदा पुरम में की जाएगी नाम वापस लेने की तिथि 8 अप्रैल निर्धारित की गई है आगामी 8 अप्रैल को ही रिटर्निंग अधिकारी नर्मदा पुरम द्वारा शेष रहे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे।



# कायस्थ समाज ने अपने इष्ट देव चित्रगुप्त और कलम-दवात का किया पूजन



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ ने सिवनीमालवा में सामूहिक रूप से सपरिवार अपने आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी एवम कलम-दवात का पूजन किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह आयोजित कर सभी को होली,भाईदूज की बधाई एवम शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री आशीष श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव,नवनियुक्त जिला महामंत्री भानु श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित हुए।इस दौरान जिला महामंत्री की घोषणा की गई। जिसकी सभी सदस्यों ने प्रशंसा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना, हवन, आरती पंडित रामशंकर दुबे द्वारा पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर करायी गयी। नर्मदापुरम से आए अतिथिगण एवम स्थानीय सामाजिक बन्धुओं ने पूजन- अर्चन के इस कार्यक्रम में सम्मलित होकर अपने इष्ट देव चित्रगुप्त की पूजन-अर्चना की। इसके उपरांत जिला नर्मदापुरम से पधारे अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवम कायस्थों की पहचान कलम, श्रीफल देकर किया गया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने नगर कार्यकारिणी की उपस्थिति देखकर कहा कि हम इसी तरह एकजुट होकर सेवा कार्य करें। समाज को आगे बढ़ाने, नई दिशा देने हेतु बढ़-चढ़कर हिस्सा लें नई पीढ़ी, युवाओं को आगे बढ़ाकर समाज को मजबूती प्रदान करें। सामुहिक पूजन के इस कार्यक्रम में नगर कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ कायस्थ समाज पदाधिकारी संरक्षक विनय खरे,जिला उपाध्यक्ष उमेश गौड़, नगर अध्यक्ष दीपक गौड़, सचिव पंकज वर्मा, नीलेश श्रीवास्तव,लाल बहाददुर श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, महामंत्री नगर कार्यकारिणी राकेश (बब्लू) श्रीवास्तव, रवि खरे, श्रीमती मिथलेश गौड़, श्रीमति रजनी गौड़, श्रीमती सरला श्रीवास्तव, श्रीमती गीतांजली गौड़, श्रीमती प्रिया वर्मा,शीतल श्रीवास्तव,श्रीमती सीमा श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति गौड़,पूजा श्रीवास्तव, श्रीमती अरुणा श्रीवास्तव, खुशबू श्रीवास्तव, श्रीमती सरिता श्रीवास्तव, श्रीमती अनिता श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति वर्मा आदि सभी महिलाएं, पुरूष कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

मेट्रो एंकर

### जिले में चलाए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# नर्मदा कॉलेज में मतदाता जागरूकता के तहत मेहंदी और हैंडबॉल प्रतियोगिता

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

नर्मदा कॉलेज में जिला निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता के अंतर्गत हैंडबॉल और मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।इनका उद्देश्य युवाओं को लोकसभा चुनाव हेतु शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना रहा ।प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। डॉ सविता गुप्ता के संयोजन में जन जागरूकता के लिए मेहंदी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । डॉ अमिता जोशी, डॉ कल्पना विश्वास और डॉ मीना कीर निर्णायक की भूमिका में सम्मिलित हुईं। प्रतियोगिता में मनोज टेकाम प्रथम, संतोषी मेहरा द्वितीय एवं विशाखा कहार तृतीय स्थान पर रहीं । वहीं दूसरी और हैंडबॉल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने खेलों द्वारा मतदान की अपील की और उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। परिणामों में एन एम वी योद्धा टीम विजेता तथा एनएमवी चैलेंजर उपविजेता रहीं। संयोजक डॉ महेश मानकर तथा रेफरी की भूमिका में कोच स्नेहा दुबे और राहुल साहू रहे। प्राचार्य डॉ चौबे नोडल अधिकारी डॉ बोहरे ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। डॉ मीनाक्षी ठाकुर, मेघा रावत,रीनू वर्मा, डॉ अर्चना पटेल का विशेष सहयोग रहा। देविका दुबे, मुस्कान विश्वकर्मा, अंशुल सत्या, देवेन्द्र नर्रे, आदित्य, रुपेश, अंकित, सुमित, आशुतोष सोमेश, अरुण, हर्ष, अस्तित्व,पियुष, अरविंद, हेमंत आदि प्रतिभागी रहे।



## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिला चौपाल का आयोजन



**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में 28 मार्च 2024 को नर्मदापुरम जिले की तहसील इटारसी के ग्राम पंचायत पथरौटा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नए मतदाताओं को जागरूक करने एवं समुदाय में 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गुलाल एवं फूलों की रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। आयोजित मतदाता जागरूकता चौपाल में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शौर्य दल की सदस्य एवं मतदाता सखी उपस्थिति रही। महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर पथरोटा की पर्यवेक्षक श्रीमती चेतना ढिवरे ने उपस्थित सभी महिलाओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

## छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश...




**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में आज 28 मार्च 2024 को शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप अभियान की गतिविधियां के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधि में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

### गरीब किसान ने कर्ज लेकर दिए पैसे

# बंटवारा करने के बदले में किसान से दस हजार लेते लोकायुक्त ने पटवारी को रंगे हाथों दबोचा





मथुरा लाल किसान



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

गुरुवार को लोकायुक्त की टीम ने बंटवारा करने के बदले में दस हजार की रिश्वत लेते हुए हल्का नंबर 55 के पटवारी विकास जैन को रंगे हाथों गलत तरीके से शहर में चला रहे निजी दफ्तर से धर दबोचा मथुरा लाल निवासी परधा ने चार दिन पहले लोकायुक्त कार्यालय में एसपी को अपने समाधी राम प्रसाद कुशवाहा के साथ भोपाल पहुंचकर पटवारी हल्का नंबर 55 विकास जैन के द्वारा बंटवारा करने के बदले मे 10000 रुपए की मांग करने की शिकायती आवेदन दिया था जिसके बाद उक्त मामले में कार्रवाई करने के लिए लोकायुक्त एसपी ने इंस्पेक्टर रजनी तिवारी को पाबंद किया था इसके बाद शिकायती आवेदन की इनके द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद गुरुवार को इन्होंने अपनी टीम के साथ पटवारी के यहां छापा मार कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पहले तो फरियादी से पटवारी विकास जैन को फोन लगवाया इसके बाद सबसे पहले इन्होंने पटवारी के निजी दफ्तर दिल्ली दरवाजे मैं पहले पीड़ित को भेजा उसके द्वारा काम करने के बदले में पटवारी को 10000 रुपए दिए तो पटवारी विकास जैन को रिश्वत लेते हुए रंग हाथों लोकायुक्त की टीम ने पकड़ लिया इसके बाद पटवारी के चेहरे की रंगत बिगड़ गई तत्काल टीम ने सबसे पहले पटवारी के हाथों में लोकायुक्त के द्वारा रंग लगाकर जो पैसे दिए थे जिसके चलते इनके हाथ धुलवाए नोटों को जप्त किया इसके बाद पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई के लिए लोकायुक्त की टीम इनको अपने साथ लेकर रेस्ट हाउस पहुंची वहां पर अपनी आगे की कार्रवाई को टीम के द्वारा अंजाम दिया गया।

कार्रवाई का नेतृत्व कर रही इंस्पेक्टर रजनी तिवारी ने बताया कि पिछले 1 साल से गरीब किसान मथुरा लाल जो की पैरो में चोट लगने के कारण सही से चल भी नहीं पा रहा था तीन दिन पहले उसने अपने समाधि रामप्रसाद के साथ भोपाल एसपी कार्यालय में पटवारी विकास जैन पर जमीन का बंटवारा करने के बदले में दस हजार मांगने के आरोप लगाते हुए शिकायती आवेदन दिया था उसके बाद हमने अपनी इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। सबसे पहले हमने फरियादी से पटवारी विकास जैन को फोन लगवा कर उसकी जानकारी ली तो मैं दिल्ली दरवाजे स्थित अपने निजी कार्यालय में नियम विरुद्ध कार्यालय संचालित कर रहा था वहीं पर पैसे लेते हुए हमने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है निजी कार्यालय में शासकीय दफ्तर संचालित कर रहा है उसकी भी जानकारी ले रहे है। पटवारी विकास जैन पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण भी पंजीवाद किया गया है। उसकी भी पूरी जानकारी ले रहे हैं गलत पाया गया तो उसमें भी कार्रवाई करेंगे। सिरोंज में मेरे द्वारा तीसरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

## लगातार हो रही है कार्रवाई सिरोंज का नाम भी हो रहा है बदनाम

भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई होने के बाद भी भ्रष्टाचारी मानते हुए नजर नहीं आ रहे है। सेवा देने के बदले में मेवा लेने का काम कर रहे है। तभी तो पिछले कुछ दिनों में ही शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में आशा कार्यकर्ता से पैसे लेते हुए लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया था और भ्रष्टाचारियों को अपने शिकंजे में लिया था इससे पहले एक और कार्रवाई को अंजाम दिया था लगातार कार्रवाई होने के कारण सिरोंज का नाम भी पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार के कारण बदनाम हो रहा है। सबसे बड़ी बात तो है कि भ्रष्टाचार करने वालों की चमड़ी भी मोटी हो गई है तभी तो इन्हें लोकायुक्त की कार्रवाई होने का डर भी नहीं है। जबकि शिकायत होने पर लोकायुक्त के द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाती है क्योंकि उनके द्वारा जितनी भी कार्रवाई की गई है वह सब सही पाई गई।

## विधायक भी देते हैं चेतावनी फिर भी भ्रष्टाचार रुकने का नहीं ले रहा नाम

भ्रष्टाचारियों के द्वारा शहर के नाम को भी पूरे प्रदेश में खुलेआम बदनाम किया जा रहा है दूसरी ओर कई बार क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा भी मंचों से कहा जाता ना खाऊंगा ना खाने दूंगा भ्रष्टाचार करने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे इसके बाद भी भ्रष्टाचार करने वाले मानते हुए नजर नहीं आ रहे है। शायद ही ऐसा कोई कार्यालय हो जहां पर बिना सेवा के किसी का काम हो जाता हो छोटे-छोटे काम के लिए भी पैसों की मांग करते हैं जब तक पैसे नहीं मिलते हैं तब तक किसी का काम भी नहीं किया जाता है। किसानों के काम करने के लिए सरकार के द्वारा राजस्व महा अभियान भी चलाया फिर भी इस गरीब किसान का काम पैसे नहीं मिलने के कारण पटवारी के द्वारा नहीं किया गया था ऐसे कई मामले विकासखंड में देखने को मिल जाएंगे जहां पर पैसे नहीं मिलने पर कई पटवारी के द्वारा मामलों को ठंडा बस्ते में डाल रखा है।

## कर्ज लेकर किसान ने की पैसों की व्यवस्था

परधा के किसान मथुरा लाल ने बताया कि मैं एक गरीब किसान हूं नौ बीघा जमीन है सभी बहनों ने उक्त जमीन पिताजी की मृत्यु होने के बाद मेरे नाम पर करने के लिए हस्ताक्षर भी कर दिए थे 10 साल से हम जमीन अपने नाम करने करवाने के लिए परेशान हो रहे थे 1 साल से पटवारी विकास जैन के द्वारा जमीन मेरे नाम पर करने के बदले में 10000 रुपए की मांग की जा रही थी गरीब किसान होने के कारण में पैसे व्यवस्था नहीं कर पा रहा था इसके बाद मैं अपने समाधि के साथ भोपाल पहुंचकर पटवारी विकास जैन के द्वारा 10000 रुपए मांगने की शिकायत की थी भ्रष्टाचार के रूप में पैसे देने के लिए मैंने कर्ज लेकर उत्तर राशि की व्यवस्था की थी पैरों में चोट लगी होने के कारण चलने में असमर्थ हूं। इस तरह से गरीब किसानों को खुलेआम परेशान करके मोटी रकम कमाने का काम भ्रष्टाचारियों के द्वारा किया जा रहा है।

### इनका कहना है -

*किसान मथुरा लाल से उसके जमीन का बंटवारा करने के बदले में 10000 की रिश्वत लेते हुए पटवारी विकास जैन को गिरफ्तार किया है। उसके द्वारा निजी जगह पर अपने दफ्तर को संचालित किया जा रहा है उसकी भी हम जानकारी ले रहे हैं।*

*रजनी तिवारी, लोकायुक्त इंस्पेक्टर*

# गेहूं भूसा परिवहन पर प्रतिबंध, आदेश जारी

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने ग्रीष्म ऋतु में हरे चारे घास की कमी को दृष्टिगत रखते हुए गोवंश के उपयोग एवं जिले में संचालित गौशालाओं में भूसे की आपूर्ति के लिए केवल गेहूं भूसा को जिले की सीमा से बाहर निर्यात या परिवहन किया जाना प्रतिबंधित किया गया है उक्त आदेश आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा।

यह आदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक के प्रस्ताव से सहमत होकर जारी किया गया है। उक्त आदेश मात्र गेहूं भूसा निर्यात को प्रतिबंधित किया गया है। चना, मसूर, तेवडा आदि का भूसा तथा ज्वार एवं धान के डंठल के निर्यात या परिवहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

जारी आदेश में उल्लेख है कि जिले के कृषकों द्वारा फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों में आग लगाई जाकर नष्ट कर दिया जाता है। जिसके परिणामस्वरूप आगजनी की घटनाएं तो घटित होती ही है, पशु चारे की कमी भी निर्मित होती है, उक्त कारणों से जिले में नरवाई को जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंध उपरांत फसल कटाई के अवशेषो ( नरवाई ) से ( गोवंश ) के उपयोग हेतु भूसा बनाया जाकर संधारित किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो गई है, तथा जिले में जानवरो के खाने के लिए हरे घास की कमी हो जाएगी। जिले में फसल कटाई हेतु कम्बाईन हॉर्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर के उपयोग यानि स्ट्रॉ मेनेजमेन्ट सिस्टम ( एसएमएस ) को भी अनिवार्य किया गया है, जिससे फसल अवशेषो ( नरवाई ) से भूसे का निर्माण हो सके।

## पशुओं के आहार में आने वाले केवल गेहूं-भूसा को जिले की सीमा से बाहर

निर्यात व परिवहन किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। गेहूं-भूसा का व्हाइट कोल के रूप में उद्योगो एवं ईट के भट्टो में जलाने के लिए तत्काल प्रतिबंधित किया जाता है। गेहूँ-भूसा को कोई भी कृषक व्यापारी या व्यक्ति या निर्यातक संस्था किसी भी प्रकार के वाहन नाव, मोटर, ट्रक, बैलगाडी एवं रेलवे अथवा अन्य परिवहन साधन द्वारा जिले के बाहर बिना कार्यकारी मजिस्ट्रेट की लिखित अनुमति के निर्यात, परिवहन नहीं करेंगे। जिले के समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी आदेश का क्रियान्वयन करते हुए पालन सुनिश्चित करेंगें। यह आदेश विदिशा जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में तत्काल रूप से प्रभावशील होगा। आदेश की उल्लंधन की दशा में धारा 188 तथा म. प्र. पशु चारा निर्यात नियंत्रण आदेश नियम-2000 एवं अन्य विधिक प्रावधानो के अतर्गत संबंधितो के विरूद्ध कार्यवाही संपादित की जाएगी।

# सीमांकन के बाद ही मंडी रोड की सड़क का हो निर्माण, एसडीएम को दिया आवेदन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कृषि उपज मंडी के द्वारा जिला सहकारी बैंक से लेकर मंडी के मुख्य गेट तक नवीन सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। पिछले दिनों कुछ लोगों पर प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए हटा दिया था पर अभी कई दबंग लोगों पर कार्रवाई नहीं की गई है ऐसे आरोप भी कुछ लोगों के द्वारा लगाए जा रहे हैं। जिसको लेकर रमेश साहू ने एसडीएम हर्षल चैधरी को आवेदन देते हुए कहा कि प्रशासन को सबसे पहले उक्त सड़क का निर्माण करवाने से पहले सीमांकन करवा कर सड़क का निर्माण करवाना चाहिए जिससे कि जिन लोगों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करके सड़क पर कब्जा कर रखा है उनके कारण सड़क का निर्माण सकरा हो रहा है। मंडी में जाने के लिए वैसे ही यातायात का दबाव रहता है अभी ध्यान नहीं दिया गया तो फिर सड़क का चैड़ीकरण नहीं हो पाएगा अतिक्रमण धारी भी यहां से नहीं हटेंगे। इस वजह से आने वाले दिनों में किसानो को परेशानी होगी जिसको दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन को मौके पर पहुंचकर सड़क का सीमांकन करवरकर एक तरफ से सभी लोगों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों पर तो प्रशासन ने कार्रवाई कर दी पर दबंग लोगों पर किसी भी तरह की कार्रवाई प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा नहीं की जा रही है। इस वजह से गरीबों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश भी पनप रहा है। वहीं प्रशासन के द्वारा एक तरफ से अतिक्रमण धारियों पर एक तरफ कार्रवाई करने का काम निरंतर किया जा रहा है।



### इनका कहना है

*हमारे द्वारा एक तरफ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है यदि किसी का अतिक्रमण है तो उसकी हम जांच करवा कर उसका भी हटाएंगे जिसका अतिक्रमण हटा है तो उसके द्वारा शिकायत भी की जाती है।*

*हर्षल चैधरी, एसडीएम सिरोंज*

# अवैध मदिरा की धर-पकड़ , पांच प्रकरण कायम कर 66 हजार की मदिरा सामग्री जप्त





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा सघन जांच पड़ताल जारी है, कलेक्टर वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन को ध्यानगत रखते हुए जिले की सीमाओं में किसी भी प्रकार से अवैध मदिरा का परिवहन व विक्रय ना हो पाए के प्रबंध सुनिश्चित कराए हैं।

जिला आबकारी अधिकारी श्री विनय कुमार रंगशाही ने बताया कि अभियान के संचालन हेतु सहायक आबकारी अधिकारी श्री मुकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में विशेष कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री वैद्य के पर विदिशा जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु गठित टीम व जिले के समस्त आबकारी कार्यपालिक स्टाफ द्वारा वृत्त सिरोंज क्षेत्र के ग्राम वरेज, सालपुर, पुरावरेज, इक्लोद, जगथर, गोपाल नगर, वजीर पुर एवं झागर में दबिश देकर कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण कायम कर विदेशी मदिरा पावर व्हिस्की के 92 पाव एवं 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 450 किलो महुआ लहान जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ( 1 )क के तहत विधिवत रूप से प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए हैं। जब्तशुदा मदिरा का बाजार मूल्य 66 हजार 200 रुपये के लगभग आंकलित किया गया है। इस कार्यवाही में जिला आबकारी स्टाफ एवं नगर सैनिको की सराहनीय भूमिका रही।



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वष्णुदत्त शर्मा के समक्ष छतरपुर जिले के ग्राम बसारी में कांग्रेस के पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह बुंदेला के पुत्र पूर्व जनपद अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह बुंदेला, सटई नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती माया राजेश शर्मा, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व साडा अध्यक्ष वध अवस्थी, डॉ. मुराद अली, देवेंद्र प्रताप सिंह दिल्लू राजा, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन दुबे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष इन्द्रदेव सिंह पप्पु राजा, डॉ. महेश सैनी, पंकज गुप्ता, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ओमशरण पटेल सहित 250 से अधिक कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यां से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।*

# मदगन में शराब पीकर ग्रामीण कर रहे है परेशान, थाने में की शिकायत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

अवैध रूप से शराब बनाने तथा बेचने का काम भी मदगन वजीरपुर में खुलेआम किया जाता है। जिसकी जानकारी होने के बाद भी पुलिस तथा आबकारी विभाग के द्वारा किसी भी तरह की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही इस वजह से गांव में अधिकांश ग्रामीण भी नशे के कारोबार में लिप्त हो गए हैं छोटे से लेकर बड़ों के द्वारा शराब पीकर नशा किया जाता है। इस वजह से गांव की युवा पीढ़ी भी नशे का शिकार हो रही है। कई महिलाओं के द्वारा भी शराब पीने का काम किया जाता है जिसको लेकर अशोक यादव ने एक आवेदन थाना प्रभारी को देते हुए कहा कि गांव में अधिकांश ग्रामीण के द्वारा शराब पीने का काम किया जाता है इनके द्वारा शराब बनाई भी जाती तथा खुलेआम बेचने का काम भी किया जाता है। दिनभर गांव के लोग शराब के नशे में तो धुत्त होकर आने जाने वाले लोगों को परेशान भी करते हैं एवं आसपास के खेतों में कई बार आग लगा देते हैं जिसके कारण हमें आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ता है। कई बार फसले भी काटने का काम किया जाता है।

**मेट्रो एंकर**

### 'आत्माएं अपने पिता परमात्मा को सभी रूपों में, भाई रूप में भी याद करती आई'

# परमपिता परमात्मा को भाई मान कर चलना ही सदा सुखी रहना है: ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र द्वारा भाई दूज का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें रेखा दीदी ने भाई दूज का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि होली पर्व के बाद भाई दूज का फॉर्म मनाया जाता है जिसमें बहन भाई की लंबी उम्र के लिए भाई को तिलक लगाकर ईश्वर से प्रार्थना करती है।

इस पर्व के संबंध में एक कथा प्रचलित है कहते हैं यमुना और यम दोनों बहन भाई थे। यम को यमपुरी में आत्माओं के कर्मों के हिसाब किताब देखने और कर्म अनुसार फल देने की सेवा मिली यमुना अपने भाई यम को घर आने का निमंत्रण देती रहती थी। यमराज को रोज ही आत्माओं का लेखा-जोखा करना होता था। एक दिन भाई आने को वचनबद्ध हो गया। भाई को घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना ना रहा बड़े ही प्यार से शुद्धिपूर्वक उन्हें भोजन करवाया। बहन के निश्चल स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वर मांगने को कहा यमुना ने कहा मैं सब रीति से भरपूर हूं मुझे कोई कामना नहीं है यम ने का बिना कुछ दिए में जाना नहीं चाहता बहन ने कहा हर वर्ष इस दिन आप मेरे घर आकर भोजन करें मेरी तरह जो भी बहन अपने भाई को स्नेह से बुलाए स्नेह से सतकार करें उसे आप सजाओं से मुक्त करें। यमराज ने तथास्तु कहा और यमुना को वस्त्र आभूषण देकर वापस लौट आए। हमने भक्ति मार्ग में भगवान को कहा त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धु च सखा त्वमेव, भावार्थ यह है कि भगवान को माता-पिता तो मना ही सखा और भाई भी माना। एक समय था जब हम आत्माएं और बंधु रूप परमात्मा इकट्ठे एक ही घर परमधाम में रहते थे। परमात्मा पिता का ही दूसरा नाम यमराज भी है यम का एक अर्थ यह भी है कि वह आत्माओं के कर्मों का हिसाब किताब करते हैं और दूसरा अर्थ नियम संयम का ज्ञान देते हैं दोनों ही कर्तव्य परमात्मा के हैं आधा कल्प के बाद द्वापर युग से हम आत्माएं अपने पिता परमात्मा को सभी रूपों में, भाई रूप में भी याद करती आई हैं और पृथ्वी लोक में आ पधारने का निमंत्रण देती आई है परंतु वह समय भक्ति काल का होता है परमात्मा पिता के धरती पर अवतरण का नहीं। कलयुग के अंत में जब पाप की आती हो जाती है तब वे साधारण मानवीय तन का आधार ले अवतरित हो जाते हैं। आधा कल्प की पुकार का फल परमात्म अवतरण के रूप में पाकर हम आत्मायें धन्य हो जाती हैं हम धरती पर अवतरित बंधु रूप परमात्मा को दिल में समाकर स्नेह से भोग लगाती है, भगवान हमारे इस स्नेह को देख वरदानों से भरपूर कर देते हैं। और कहते हैं जो आत्मायें धरती पर अवतरित मुझ परमात्मा को पहचान कर सत्कार पूर्व आतिथ्य करेंगी, मेरी श्रीमत पर चलेंगी, उन्हें में सजाओं से मुक्त कर दूंगा। परमपिता परमात्मा को भाई मानकर चलना ही सदा सुखी रहना है कभी बहन को किसी प्रकार की परेशानी का सामने नहीं करना पड़ेगा। इस प्रकार यह त्यौहार परमात्मा के साथ बन्धु का नाता जोड़ने और निभाने का यादगार है।



### आईपीएल: एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बल्लेबाज दिखा सकते हैं कमाल

# बेंगलुरु को कोलकाता के खिलाफ होम ग्राउंड पर आठ साल से नहीं मिली जीत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आज फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सामने कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती होगी. दोनों टीमें एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम बैंगलोर में आमने-सामने होंगी. वहीं, यह मुकाबला भारतीय समयनुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपना पहला मुकाबला जीता था, लिहाजा दोनों टीमें सीजन की लगातार दूसरी जीत के इरादे से मैदान पर उतरेंगी. लेकिन एक बार फिर एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बल्लेबाजों की मौज होगी? या फिर गेंदबाजों को मदद मिलेगी? इसके अलावा बैंगलोर में मौसम का मिजाज कैसा रहेगा?



### बैंगलोर में फिर बल्लेबाजों की मौज होगी?

दरअसल, एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम बैंगलोर की पिच पर बल्लेबाजों की मौज रहती है. इस पिच पर बल्लेबाज आसानी से रन बनाते हैं. इसके अलावा तेज आउटफील्ड और छोटी बाउंड्री गेंदबाजों के लिए परेशानी का सबब बना रहा है. आंकड़ें बताते हैं कि दोनों पारियों में बल्लेबाजी करना आसान रहता है. लिहाजा, दोनों टीमों के कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी कर सकते हैं. पिछले दिनों पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 117 रनों का आसानी से पीछा किया था. इस मैदान पर लगातार बड़े स्कोर बनते रहे हैं।

### आज बैंगलोर के मौसम का मिजाज कैसा रहेगा?

आज बैंगलोर में बारिश हो सकती है।बैंगलोर के मौसम का मिजाज कैसा रहेगा? बहरहाल, क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर है. दरअसल, आज बैंगलोर में बारिश के आसार नहीं हैं. इसके अलावा तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा. भारतीय समयनुसार मुकाबला शाम 7.30 बजे शुरू होगा. उस वक्त बैंगलोर का तापमान तकरीबन 31 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं. लेकिन फैंस के लिए अच्छी खबर है कि आज मैच में बारिश के विलेन बनने की संभावना नहीं है।

### ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाले दिल्ली के पहले खिलाड़ी बने

इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन अभी तक रोमांच से भरा रहा है और लगभग हर एक मैच में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं. आईपीएल 2024 का 9वां मैच जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जा रहा है. इस मैच के लिए मैदान में उतरते ही दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है. वो अब आईपीएल में छ्ष्ट के लिए 100 मैच खेलने वाले इतिहास के सबसे पहले खिलाड़ी बन गए हैं. वो आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 100 मैच पूरे करने वाले सातवें खिलाड़ी भी बन गए हैं। ऋषभ पंत अब डीसी के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने हैं. अभी तक ये रिकॉर्ड अमित मिश्रा के नाम था, जिन्होंने 10 अलग-अलग सीजन में छ्ष्ट के लिए कुल 99 मैच खेले थे. श्रेयस अय्यर ने भी अपने करियर में 7 सीजन दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया है, जिनमें उन्होंने कुल 87 मुकाबले खेले थे. दिल्ली कैपिटल्स के लिए चौथे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी डेविड वॉर्नर हैं, जिन्होंने इस फैंचाइजी के लिए 82 मैच खेले हैं. वहीं वीरेंद्र सहवाग वैसे तो रिटायर हो चुके हैं।

### मियामी ओपन टेनिस

# डेनिल मेदवेदेव और जेनिक सिनर सेमीफाइनल में होंगे आमने-सामने





**फ्लोरिडा, एजेंसी**

रूस के तीसरी वरीय डेनिल मेदवेदेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में चिली के 22वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी निकोलस जैरी को सीधे सेटों में 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। इसके साथ ही मेदवेदेव ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी जीत का सिलसिला नौ मैचों तक बढ़ाया। सेमीफाइनल में सिनर के सामने इटली के दूसरी वरीय खिलाड़ी जेनिक सिनर होंगे। महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में 14वीं वरीय रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने 5वीं वरीय अमरीका की जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। जीत के बाद डेनिल ने कहा, मैं हमेशा कहता हूं कि जब कोर्ट पर सब कुछ अच्छा लगता है, तो टेनिस खेलना आसान होता है। लेकिन इसे अभ्यास सत्र से शुरू करना होगा जब आप अच्छा महसूस नहीं कर रहे हों, लेकिन आपको फिर भी अभ्यास करना होगा और इससे फर्क पड़ सकता है।

### सिनर ने चेक गणराज्य के टॉमस को हराया

ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जेनिक सिनर ने क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस साल जेनिक सिनर की यह 20वीं जीत है। इसके साथ ही पिछले चार साल में तीसरी बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।



## मेट्रो बाजार

# एसबीआई के ग्राहकों को झटका, एक अप्रैल से बढ़ेगा एनुअल मेंटनेंस चार्ज

**मुंबई, एजेंसी**

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई के करोड़ों ग्राहकों को अगले सप्ताह से तगड़ा झटका लगने वाला है. दरअसल सरकारी बैंक ने अपने विभिन्न डेबिट कार्ड के लिए सालाना मेंटनेंस चार्ज को बढ़ाने का ऐलान किया है, जो अगले सप्ताह से प्रभावी होने वाला है. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, विभिन्न डेबिट कार्ड के मामले में एनुअल मेंटनेंस चार्ज में 75 रुपये तक की बढ़ोतरी की जा रही है. डेबिट कार्ड के नए एनुअल मेंटनेंस चार्ज 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे. देश में करोड़ों लोग एसबीआई के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं. एसबीआई ग्राहकों की संख्या के हिसाब से देश का सबसे बड़ा बैंक भी है। एसबीआई के क्लासिक, सिल्वर, ग्लोबल, कॉन्टैक्टलेस डेबिट कार्ड के मामले में अब ग्राहकों को मेंटनेंस चार्ज के रूप में 200 रुपये प्लस जीएसटी का भुगतान करना होगा. अभी यह चार्ज 125 रुपये प्लस जीएसटी है. इसी तरह युवा, गोल्ड, कॉम्बो डेबिट कार्ड, माय कार्ड (इमेज कार्ड) के मामले में 175 रुपये के बजाय 250 रुपये का चार्ज लगेगा. एसबीआई प्लैटिनम डेबिट कार्ड पर अब 250 रुपये की जगह 325 रुपये का चार्ज लगेगा.



प्राइड और प्रीमियम बिजनेस डेबिट कार्ड के लिए सालाना मेंटनेंस चार्ज अब 350 रुपये से बढ़कर 425 रुपये हो जाएगा. सभी चार्ज पर अलग से जीएसटी लागू है. एसबीआई क्रेडिट कार्ड के मामले में भी कुछ बदलाव हो रहे हैं. एसबीआई ने इसके बारे में बताया है कि कुछ क्रेडिट कार्ड के मामले में रिवार्ड पॉइंट से जुड़े बदलाव 1 अप्रैल से लागू होने जा रहे हैं।

## ९० फीसदी घट सकता है सोने का आयात, मांग घटी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सोने के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता भारत के कम आयात से वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातु की कीमतों में तेजी सीमित रह सकती है, जो इस माह की शुरुआत में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। देश का सोना आयात फरवरी के मुकाबले मार्च में 90 फीसदी से अधिक घटकर कोरोना महामारी के बाद से अपने निचले स्तर पर पहुंच जाएगा। एक सरकारी अधिकारी और दो बैंक डीलरों ने बताया कि बहुमूल्य धातु की रिकॉर्ड उच्च कीमतों की वजह से मांग प्रभावित हुई है। इससे बैंकों ने सोने की खरीदारी में कटौती की है, जिससे आयात में बड़ी गिरावट आ सकती है। बताया गया कि भारत ने फरवरी में 110 टन सोने का आयात किया था। मार्च में यह घटकर 10-11 टन पर सीमित रह सकता है। सोने के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता भारत के कम आयात से वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातु की कीमतों में तेजी सीमित रह सकती है, जो इस माह की शुरुआत में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। आयात में गिरावट से भारत को व्यापार घाटा कम करने में मदद मिलेगी।

### महिला चैंपियंस लीग: अंतिम-8 में अजाक्स को दो लेग के बाद 4-1 से मात दी

# चेल्सी महिला चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंची

**लंदन, एजेंसी**

चेल्सी ने अजाक्स के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर यूएफा महिला चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले चरण में चेल्सी ने अजाक्स पर 3-0 की जीत हासिल की थी। इस तरह दो चरणों के बाद चेल्सी ने कुल 4-1 की जीत के साथ लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी ने शुरुआत से ही अजाक्स पर दबाव बनाए रखा। पहले हाफ के 34वें मिनट में मायर रामिरेज ने चेल्सी के लिए गोल दागा।



# पीवी सिंधू मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**मैड्रिड, एजेंसी**

भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। पिछले सत्र की उपविजेता सिंधू के सामने अब थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी। भारत के एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला का भी दिन अच्छा रहा और उन्होंने स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली पर 21-17 21-19 से जीत के साथ पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बी सुमीथ रेड्डी व एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी ने अमेरिका के प्रेस्ली स्मिथ और एलीसन ली पर 22-20 21-18 से जीत के साथ अंतिम 8 में जगह पक्की की। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने महिला युगल में ऑस्ट्रेलिया की टिफनी हो और ग्रोन्या सोमरविले पर 21-14, 21-8 से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई।

# नीरज 10 मई को दोहा डायमंड लीग से करेंगे सत्र का आगाज

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई को दिग्गज खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। इस साल उनका लक्ष्य पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण का बचाव करने का होगा। चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में पदार्पण करेंगे। जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे और उन्होंने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था। चोपड़ा का मुकाबला चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च और ग्रेनेडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स जैसे प्रतिद्वंद्वियों से होगा। वडलेज्च तोक्यो ओलंपिक में रजत और 2023 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य जीता था। चोपड़ा ने कहा, 'इस साल, मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य अपने ओलंपिक खिताब की रक्षा करना है, लेकिन 90 मीटर की बाधा को पार करना भी मेरे लिए बहुत मायने रखेगा। दोहा चरण में अच्छी परिस्थितियों और शानदार माहौल के बीच सत्र को बेहतरीन तरीके से शुरू करने का अच्छा मौका होगा।'

## मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

### • रिलीज के पहले सुनाया किस्सा

# 'क्रू' के लिए कृति-तब्बू ने डाली जान जोखिम में...



कृति सेनन और तब्बू ने हाल ही में अपकमिंग मूवी 'क्रू' को लेकर एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया है। उन्होंने समुद्र किनारे शूटिंग के दौरान आए चक्रवाती तूफान के बाद भी शूट चालू रखने की बात बताई। 'क्रू' मूवी जल्द ही रिलीज होने वाली है। मूवी रिलीज के एक दिन पहले शेयर किए इस मोमेंट में उन्होंने शूटिंग को हर हाल में चालू रखने की बात बताई। इस मजेदार बीआरटीएस वीडियो में उन्होंने अचानक से आए तूफान का जिक्र किया है। आपको बता दें कि मूवी 'क्रू' सिनेमाघरों में कल से धूम मचाने आ रही है। इस बीच शेयर किए गए बीटीएस वीडियो ने मूवी को लेकर क्रेज और बड़ा दिया है। कृति सेनन, करीना कपूर और तब्बू स्टारर इस मूवी में इमोशंस और एंटरटेनमेंट का जबरदस्त तालमेल देखने को मिलेगा। कृति सेनन ने प्रशंसकों के लिए पर्दे के पीछे का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह और तब्बू समुद्र के किनारे शूटिंग कर रही हैं, जब मुंबई को चक्रवात की चेतावनी मिली थी। क्लिप में तब्बू प्रोडक्शन टीम की टाइमिंग पर मजाकिया अंदाज में टिप्पणी करती हैं।

कृति ने समुद्र तट पर लहरों और तेज हवा वाले मौसम के विजुअल्स शेयर कर लिखा, *'जान जोकिम में उतरने के लिए हमेशा तैयार है हमारा क्रू...!*



### • एक्ट्रेस ने खुद उठाया सच से पर्दा

# प्रेग्नेंट हैं राघव की दुल्हनिया परिणीति चोपड़ा...!



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा बहुत जल्द पंजाबी सिंगर और सुपरस्टार एक्टर दिलजीत दोसांझ के साथ फिल्म 'चमकीला' में नजर आने वाली हैं. जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है. लेकिन इन दिनों परिणीति चोपड़ा अपनी फिल्म से ज्यादा प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. जिसको लेकर अब खुद एक्ट्रेस ने एक बड़ा खुलासा किया है. जानिए उन्होंने क्या कहा..... परिणीति चोपड़ा ने पिछले साल यानि 24 सितंबर 2023 में आप नेता राघव चड्ढा से शादी की थी. दोनों की शादी राजस्थान में धूमधाम से हुई थी। परिणीति चोपड़ा ने पिछले वहीं शादी के कुछ दिनों बाद ही परिणीति का लुक काफी बदला हुआ नजर आने लगे. एक्ट्रेस को अचानक ढीले-ढाले कपड़ों में स्पॉट किया जाना लगा। परिणीति का ये लुक देखकर उनके फैंस ये कयास लगाने लगे कि एक्ट्रेस मां बनने वाली हैं और वो जल्द ही सभी के साथ गुड न्यूज शेयर करेंगी। पिछले कई दिनों से सामने आ रही इन अफवाहों पर अब खुद परिणीति चोपड़ा ने चुप्पी तोड़ है. इसके लिए उन्होंने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की. इस पोस्ट में परिणीति ने कफ्तान ड्रेस= प्रेग्नेंसी, ओवरसाइज शर्ट = प्रेग्नेंसी, कम्फी इंडियन कुर्ता = प्रेग्नेंसी.... अब परिणीति की इश पोस्ट ने ये साफ कर दिया है कि एक्ट्रेस फिलहाल प्रेग्नेंट नहीं है और वो अपनी अपकमिंग फिल्म 'चमकीला' पर ध्यान दे रही हैं. बात करें 'चमकीला' की तो परिणीति और दिलजीत की ये फिल्म पंजाब के एक सुपरस्टार सिंगर रहे चमकीला की रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है. जिनका स्टेज पर मर्डर कर दिया गया था. 'चमकीला' का ट्रेलर 28 मार्च के रिलीज हो चुका है. जिसमें परिणीति और दिलजीत दोनों को ही फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।

### • इतने सालों बाद अपने रिश्ते को लेकर अभिनेत्री ने की बात

# अक्षय कुमार संग सगाई टूटने के बाद रवीना टंडन ने की थी सुसाइड करने की कोशिश!



रवीना टंडन बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। एक्ट्रेस अपनी फिल्म पटना शुक्ला को लेकर चर्चा में चल रही हैं। इस फिल्म को लेकर अभिनेत्री के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। अभिनेत्री अपनी फिल्मों के अलावा अपने बेबाक बयानों को लेकर भी खूब चर्चा में चलती हैं। अब हाल ही में, रवीना ने अक्षय कुमार के साथ अपने ब्रेकअप को लेकर खुलकर बात किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। अभिनेत्री रवीना टंडन ने अक्षय कुमार के साथ अपने ब्रेकअप को सार्वजनिक किया था और इसके तुरंत बाद उनके सुसाइड करने की अफवाहें उड़ी थीं। इसके अलावा उन्होंने लगभग एक ही समय में दो लड़कियों को गोद लेने और इसके लिए उनकी आलोचना किए जाने के बारे में भी बात की। बता दें कि रवीना और अक्षय आगामी वेलकम टू द जंगल में 20 साल में पहली बार एक-दूसरे के साथ काम करेंगे। रवीना ने अपने हालिया इंटरव्यू में अक्षय के साथ अपनी सगाई टूटने को लेकर कहा, हां, इसमें कौन सी बड़ी बात है? बहुत सारे रिश्ते टूटते हैं, लोग आगे बढ़ जाते हैं, आप दोस्त बने रहते हैं... आपको एहसास होता है कि हम पार्टनर के रूप में अच्छे नहीं थे, लेकिन हम दोस्त के रूप में अच्छे हैं। तो इसमें बड़ी बात क्या है? मैं नहीं समझती। सगाई टूटने के बाद अपने सुसाइड रूमर्स पर अभिनेत्री ने कहा, मैं बिल्कुल ठीक थी। मीडिया में सबसे ज्यादा हंगामा इसलिए मचाया गया, क्योंकि उन दिनों वे अपनी पत्रिकाएं बेचना चाहते थे, लेकिन व्यक्तिगत रूप से, हमारे बीच, मेरे दोस्तों के बीच सब कुछ ठीक था और मेरे लिए मेरा परिवार जो सोचता है वह मेरे लिए मायने रखता है। एक वक्त के बाद, लोग क्या सोचते हैं, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। बता दें कि 'पटना शुक्ला' शो एक निडर वकील पर आधारित है जो एक स्टूडेंट को शिक्षा घोटाले में फंसता देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है और जल्द ही उसे एहसास होता है कि वह एक व्यक्ति के खिलाफ खड़ी है जो सीएम का उम्मीदवार है।

## संक्षिप्त समाचार

### मर्चुरी के सामने मीडियाकर्मी की जेब से मोबाइल फोन चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोहेफिजा थानांतर्गत हमीदिया अस्पताल स्थित मर्चुरी के सामने एक मीडियाकर्मी के जेब से मोबाइल फोन चोरी हो गया। चोरी गए


फाइल फोटो

मोबाइल की कीमत बारह हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक माचना कालोनी शिवाजी नगर निवासी विवेक पांडेय (27) मीडियाकर्मी हैं। बुधवार को वह अपने काम से हमीदिया अस्पताल स्थित मर्चुरी पहुंचे थे। उन्होंने अपना मोबाइल फोन पैंट की जेब में रखा था। करीब पंद्रह मिनट बाद फोन लगाने के लिए मोबाइल निकालना चाहा तो वह गायब हो चुका था। उसके बाद विवेक ने थाने जाकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं।

### हमीदिया अस्पताल परिसर से युवक की स्कूटर चोरी

**भोपाल।** कोहेफिजा थानांतर्गत हमीदिया अस्पताल परिसर से एक युवक की स्कूटर चोरी चली गई। पुलिस के मुताबिक नईम (35) नई बस्ती गांधी नगर में रहते हैं और प्लंबर का काम करते हैं। बीती 25 मार्च की रात करीब नौ बजे वह अपनी पत्नी के साथ हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अपनी स्कूटर हमीदिया परिसर में गेट क्रमांक दो के सामने खड़ी की और अस्पताल के अंदर चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो स्कूटर गायब हो चुकी थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी जब स्कूटर का कुछ पता नहीं चल पाया तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। हबीबगंज स्थित अरेरा कालोनी से रेवाराम पाल, सेंटर पाइंट टीटी नगर से अमन अग्रवाल, संगम तिराहा मंगलवारा से अरुण कुमार और कमला नगर थानांतर्गत कोटरा से लक्ष्मी भगवानिया और राहुल नगर से भगवान सिंह की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मदर इंडिया कॉलोनी में कल शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। पुलिस के अनुसार जावेद पिता साबिर (20) मदर इंडिया कॉलोनी, में रहता था और प्राइवेट काम करता था। कल शाम वह झुग्गी में अकेला था, जबकि परिवार के लोग पड़ोस में ही थे। इस दौरान जावेद ने फांसी लगा ली। परिजन की नजर पड़ी और उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस का कहना है कि अभी परिजन के बयान नहीं होने से आत्महत्या की वजह का पता नहीं चला है। साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।





राजधानी में दो-तीन दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। नारियल पानी पीती हुई युवतियां। **इनसेट** गर्मी से बचने दुपट्टे का सहारा लेती युवती।

## नशे में छत से गिरे व्यक्ति की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित कोटरा चौपड़ा गांव में बीती रात शराब के नशे में एक व्यक्ति छत से नीचे गिर गया। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने हमीदिया ले जाने की सलाह दी। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग?कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है।


फाइल फोटो

पुलिस के अनुसार जगदीश नायक पिता रामसिंह नायक (50) कोटरा, चौपड़ा गांव में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। जगदीश को शराब पीने की आदत थी। परिजन ने बताया कि गुरुवार शाम शराब के नशे में वह घर में सो रहे थे। अंदर गर्मी अधिक होने के कारण रात करीब एक बजे वह छत पर सोने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान छत से नीचे गिर गए। शोर सुनकर परिजन उन्हें उठाकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत नाजुक है भोपाल के बड़े अस्पताल में भर्ती कराना पड़ेगा। परिजन उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां आज तड़के उनकी मौत हो गई।


**जहांनुमा के मालिक का मामला, नौकर के हुए बयान शोकाकुल परिजन के नहीं हो सके बयान**

# कोठी से बरामद किए डॉक्टरों के पर्चे, एफएसएल की रिपोर्ट का इंतजार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**श्यामला कोठी में रहने वाले तीन सितारा होटल जहांनुमा पैलेस के मालिक नादिर रशीद के नौकर के पुलिस ने बयान दर्ज कर लिए है। पुलिस का कहना है कि एफएसएल की रिपोर्ट और पीएम रिपोर्ट आनी बाकि है। नादिर रशीद के कमरे से डॉक्टर के पर्चे मिले हैं।**

आत्महत्या में इस्तेमाल की गई उनकी लायसेंसी बंदूक बरामद कर ली गई। परिजन को यह अहसास भी नहीं था कि नादिर इतना बड़ा कदम उठाएंगे। नादिर रशीद की आत्महत्या की जानकारी मिलते ही भोपाल और आसपास रहने वाले रिश्तेदार समेत परिचित उनकी कोठी पहुंच गए थे। भारी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच नीलबड़ स्थित नवाबों के कब्रिस्तान में उन्हें सुपूर्द ए खाक किया गया। उनकी मां की कब्र के पास ही उनकी कब्र बनाई गई है। पुलिस का कहना है कि अभी कोठी पर मेहमानों के आने जाने का सिलसिला जारी है और परिवार शोकाकुल है। लिहाजा पुलिस बयान दर्ज नहीं कर सकी है।



उल्लेखनीय है कि 72 साल के नादिर रशीद नादिर कॉलोनी, में अपनी श्यामला कोठी में परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में पत्नी सोनिया रशीद, बेटा फजल और बेटा जफर रहते हैं। कोठी बड़ी है और सभी लोग अपने अपने कमरों में रहते हैं। परिजन ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह करीब 9 बजे के आसपास नादिर रशीद के कमरे से गोली चलने की आवाज आई थी। परिजन उनके कमरे की तरफ दौड़े तो नादिर खून से लतपथ अवस्था में कमरे से अटैच बाथरूम में पडें आए। करीब एक घंटे बाद दस बजे के आसपास परिजन ने घटना की जानकारी श्यामला हिल्स पुलिस को दी थी।

## युवती ने बातचीत बंद की तो मंगेतर ने वायरल किए वीडियो


फाइल फोटो

**भोपाल।** अरेरा हिल्स पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 24 वर्षीय युवती पढ़ाई के बाद घर पर ही रहती है। करीब दो साल पहले उसका रिश्ता एक युवक के साथ तय हुआ था। बाद में युवती को पता चला कि मंगेतर की का व्यवहार ठीक नहीं है, तो उसने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी। इस पर मंगेतर युवती का पीछा करके परेशान करना शुरू कर दिया। पिछले दिनों युवती ने जब उससे रिश्ता तोड़ने की बात कही तो मंगेतर ने उसके फोटो और वीडियो रिश्तेदारों को भेज दिए। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर 3 लाख 35 हजार की ठगी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मिसरोद पुलिस ने एक युवक की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 3 लाख 35 हजार रुपए ले लिए थे। बाद में उसने न तो नौकरी लगवाई और न ही रुपये लौटाए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक जाटखेड़ी मिसरोद में रहने वाले विकास पटेल और उनकी पत्नी प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयारी कर रहे हैं। एक साल पहले जनवरी 2023 में उनकी मुलाकात पूवन सूर्यवंशी नामक युवस से हुई थी। पवन ने बताया कि सरकारी अधिकारियों से उसकी अच्छी पहचान है, इसलिए वह दोनों की नौकरी लगवा सकता है। पवन के झांसे में आकर विकास ने अपनी और पत्नी की नौकरी के लिए उसे तीन लाख पैंतीस हजार रुपए दे दिए। पैसे देने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली तो विकास ने अपने रुपए वापस मांगे। इस पर पवन टालमटोली करने लगा। परेशान होकर विकास ने इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से कर दी, जिसके बाद मिसरोद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया।

### निशातपुरा में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** निशातपुरा में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक पप्पू लाल (40) शंकर नगर पलासी में रहता था और मजदूरी करता था। उसकी पत्नी की करीब तीन साल पहले मौत हो चुकी है। उसके साथ दो बेटियां रहती हैं, जबकि दो बेटे अलग रहकर मजदूरी करते हैं। पत्नी के मौत के बाद पप्पू लाल नशा करने लगा था। बुधवार की रात वह काम से घर लौटा और कमरे में जाकर फांसी लगा ली। बेटियों की नजर पड़ी तो उन्होंने अपने मामा को जाकर सूचना दी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### ऐशबाग में आठ दिन में चार नाबालिग दस्तयाब

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग इलाके में बीती 16 मार्च से 23 मार्च के बीच तीन नाबालिग बालिकाएं और एक बालक बगैर बताए घर से लापता हो गए थे। पुलिस ने सभी मामलों में अपहरण का केस दर्ज किया था। नाबालिगों की तलाश में लगाई गई पुलिस टीम ने चारों को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।




**मेट्रो एंकर** **वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को स्मृति चिन्ह किए भेंट**

# पुलिस मुख्यालय द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से माह मार्च में सेवानिवृत्त 6 कर्मचारियों को विशेष पुलिस महानिदेशक संजय कुमार झा सहित अन्य अधिकारियों ने गरुवार को भावभीनी विदाई दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को प्लांट एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके विभिन्न स्वत्व (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गए। नवीन पुलिस मुख्यालय भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक विजय कटारिया, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे।

पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त कार्यवाहक कार्यालय अधीक्षक कल्याण शाखा वंदना पाटिल, कार्यवाहक कार्यालय अधीक्षक विशेष शाखा अजय चौरे, आडीटर, सहायक अधीक्षक ऑडिट शाखा चन्द्रमणि पाण्डेय, सूबेदार (एम) ऑडिट शाखा एसएन पाण्डेय, कार्यवाहक सूबेदार



(एम) अमनि प्रशासन कार्यालय राजेश श्रीवास्तव तथा उप निरीक्षक (एम) विधि शाखा-2 मधुबाला प्रधान को पुलिस मुख्यालय परिवार ने गुरुवार को भावभीनी विदाई दी।

### दस साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने दस साल से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अहमद अली कालोनी ऐशबाग में रहने वाले राशिद को दस साल पहले छुरी के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया गया, लेकिन आरोपी हाजिर नहीं हुआ। न्यायालय ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुलिस ने वारंट तामील कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022